CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31° C
न्यूनतम : 24° C

नई दिल्ली, शनिवार 5 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 93 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत पेज 2



जडेजा ने बीसीसीआई का दिशा-निर्देश तोड़ा पर सजा की उम्मीद नहीं खेल टाइम्स



करबला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा संपादकीय



रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी मान्यता पेज 12

## अगले सप्ताह से शुरू होगा हज-2026 के लिए आवेदन: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि हज -2026 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एक सप्ताह बाद से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को यहां हज समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने आज से आधिकारिक तौर पर हज-2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हज-2025 को हाल के इतिहास में सबसे बेहतरीन तरीके से प्रबंधित और सबसे सफल हज यात्राओं में से एक माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल और उससे पहले हज यात्रा के दौरान कई घटनाएं देखने को मिली।

## हिमाचल: बारिश से अब तक 69 की मौत, केदारनाथ मार्ग बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुई। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

# त्रिनिदाद में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड होंगे जारी: मोदी

**पोर्ट ऑफ स्पेन/ नई दिल्ली, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने त्रिनिदाद- टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों के अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और पोषित करने के मजबूत इरादों की सराहना करते हुए कहा है कि इस देश में उनकी यात्रा साहस और परिश्रम की गाथा है।

पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद- टोबैगो पहुंचे श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए घोषणा की कि इस देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को 'ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया' यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में श्री मोदी का स्वागत करते हुए त्रिनिदाद-टोबैगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो' से सम्मानित करने की घोषणा की। श्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय समुदाय के दृढ़ इरादों के लिए उनकी सराहना की तथा उनके साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब त्रिनिदाद - टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे।

### मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद-टोबैगो की पीएम ने

**पोर्ट ऑफ स्पेन / नई दिल्ली।** त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की।

## मोदी ने पीएम कमला प्रसाद को भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति व पावन सरयू-जल

**पोर्ट-ऑफ-स्पेन / नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अपने सम्मान में यहां मेजबान त्रिनिदाद-टोबैगो की सरकार द्वारा गुरुवार रात आयोजित रात्रि भोज में प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को कुछ स्मृति चिह्नों के साथ अयोध्या-धाम के राम मंदिर की एक प्रतिकृति और पावन सरयू के जल का एक पात्र भी भेंट किया।

श्री मोदी ने आस्था के इन प्रतीकों को भारत और त्रिनिदाद- टोबैगो के गहरे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध का परिचायक बताया।



## सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

**नई दिल्ली।** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है। नौसेना ने बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद शुक्रवार को उन्हें यह गौरव हासिल हुआ। इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया।

# चीन की नीच हरकत का सेना ने किया खुलासा

## ऑपरेशन सिंदूर का लाइव डाटा पाक को किया था लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **भारतीय उपसेना प्रमुख का सनसनीखेज रहस्योद्घाटन: चीन, तुर्की व पाकिस्तान का नापाक गठबंधन लगा था अंजाम देने में**
- **चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को किया बेनकाब, बोले: हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से लड़ रहे थे जंग**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी हैं। इस अभियान में चीन -शेष पृष्ठ दो पर



## नीट-यूजी 2025 परिणाम को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट- यूजी) 2025 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देते हुए दाखिले के लिए शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नीट-यूजी 2025 के अभ्यार्थी शिवम गांधी रैना की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय परीक्षा में किसी व्यक्तिगत मामले के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत के तौर पर एमबीबीएस एवं नीट-यूजी परिणाम के आधार पर दाखिले के लिए संभावित इस माह आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद

# हिंदू पक्षकारों को झटका

**प्रयागराज, वार्ता**

- **शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया इन्कार**

**मथुरा** स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है।

न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था। साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अहमदाबाद प्लेन हादसा

# मुआवजा देने से बच रही एयर इंडिया

**नई दिल्ली/लंदन, वार्ता**

**अहमदाबाद प्लेन** क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है।

फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एयर इंडिया ने आरोपों को इन्कार कर दिया है। नीनन ने कहा कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एयर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपये बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं,



- **वकील बोले: एयर इंडिया पीड़ित परिजनों से वित्तीय जानकारी मांग रही**

उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा, जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी। इस तरह इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। नीनन ने आरोप लगाया कि न तो किसी परिजन को पहले से कोई सूचना दी गई, न ही -शेष पृष्ठ दो पर



## संक्षिप्त समाचार

### 12,348 श्रद्धालुओं ने किए शिवलिंग के दर्शन

**यूपी के एक श्रद्धालु की मौत**

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर पहले दिन शाम 7.15 बजे तक 12,348 श्रद्धालुओं ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 9,181 पुरुष और 2,223 महिलाएं शामिल रहीं। 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी, 708 सुरक्षाबलों के जवान और 8 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे। 5200 से ज्यादा तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था 3 जुलाई की शाम जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ, जो शुक्रवार दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। 6400 यात्रियों को लेकर तीसरा जत्था आज सुबह सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

### यूपी में दो निजी विवि को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने अयोध्या में 'महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय' के संचालन की अनुमति प्रदान की है, वहीं गाजियाबाद में 'अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु आशय-पत्र जारी किया गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने यह जानकारी दी।

### पीसीएस में 300 से अधिक अभ्यर्थी शामिल

**लखनऊ।** सीएम अभ्युदय योजना ने नया कीर्तिमान अर्जित किया है, जब पीसीएस मुख्य परीक्षा 2024 में योजना से जुड़े 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस वर्ष की परीक्षा में लखनऊ के गोमत.।नगर स्थित 'भागीदारी भवन' सबसे प्रभावशाली केंद्र रहा, जहां से 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना के उप प्रमुख के बयान पर सियासत गर्माई

## कांग्रेस ने पीएम मोदी से संसद में चीन पर चर्चा की मांग दोहराई

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास एवं स्थायित्व) लेफ्टिनेंट राहुल आर सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारतीय सैन्य संपत्तियों का लाइव डाटा पाकिस्तान के साथ साझा किया और तुर्की ने पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी। यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था। रमेश ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था। यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि



■ **रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि संसद में चीन की ओर से हमारे सामने खड़ी की जा रही रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ने की पाकिस्तान की वायु सेना को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है, बल्कि अब वह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठकें कर रहा है। हमारे व्यापार घाटे के आंकड़े रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अब जबकि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसे चार दिनों के लिए बढ़ाया भी गया है, हमें उम्मीद है कि हमें चीन से जुड़ी राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनी.तिक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस इस बात पर जोर देती रहेगी कि चीन पर पूरी बहस होनी चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा ख्रष्टिकोण पर आम सहमति बनाई जाए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पाकिस्तान एक चुनौती है, जिसे चीन का समर्थन हासिल है। अमे.रिका भी एक अलग तरह की चुनौती है, लेकिन वह एक अलग श्रेणी में आता है। हम लगातार यह मांग करते रहेंगे और संसद में इस विषय पर चर्चा की मांग करेंगे- चाहे वह सीडीएस जनरल चौहान के बयान हों, इंडोनेशिया में रक्षा अधिकारी के खुलासे हों या आज नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह द्वारा कही गई बातें। संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है।

# जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्तः अखिलेश यादव

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को जल जीवन मिशन, नदियों की सफाई और अन्य योजनाओं के नाम पर धोखा दिया है। इन योजनाओं में बढ़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। बारिश आते ही भाजपा स्मार्टसिटी योजना की पोल खुल गई है।

यादव ने शुक्रवार को कहा कि गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़ समेत कई नगरों और शहरों में जगह-जगह जल भराव हैं सड़कें उखड़ गई है, नाले जाम है। मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाता है। भाजपा की दिल्ली, लखनऊ की डबल इंजन सरकार और महानगरों के नगर निगम मिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार फेल हो गयी है। उन्होंने कहा है कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार एक भी सिटी को स्मार्ट नहीं बना



पाई है। सड़कें जगह-जगह खोद दी गई हैं। आम जनता भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है। इसी तरह से इस सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार के नए रिकार्ड बना रही है। इस योजना के तहत बनी पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं।

हर महीने किसी न किसी जिले में पानी की टंकियां ढह रही है। यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। मां गंगा की सफाई नहीं हुई। नमामि गंगे परियोजना के लिए आवंटित हजारों करोड़ का बजट साफ हो गया, लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हुई, स्थिति जस की तस है।

# उप्र में बनेगा आउटसोर्स सेवा निगम, भर्ती होंगे कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **कर्मियों के जीवन में भरोसा सुनिश्चित करेगा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के श्रम अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार- विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और साफ किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा।

## आम महोत्सव में पहुंचे योगी, सरकार ने औद्यानिक फसलों का निर्यात बढ़ाया

# यूपी की कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर लाएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव न केवल



■ **लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं**
**आम महोत्सव पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का प्रयास**

किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानक.ारी किसानों को दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवर्जीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बाग.वानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है।

## योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिक.ारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल, विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी माध्यम है।

---

शाह टाइम्स

**सेंसेक्स** 83432.89
**निफ्टी** 25461.00



**सोना रु.** 97142
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107367
प्रति किलो



# भारतीय शेयर बाजारों में हल्का सुधार दिखा

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक बाजारों से मिले जुले संकेतों तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट से उबर कर तेजी दिखी और उतार.चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स तेजी की धारणा के साथ खुलने के बाद दोपहर को नीचे चला गया था। सेंसेक्स अंत में कल के मुकाबले 193.42 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ। कल बाजार गिरावट के साथ 83239.47 पर बंद हुआ था। आज सेंसेक्स के 20 शेयर लाभ में और दस हानि में बंद



**सेंसेक्स अंत में कल के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ**

हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का व्यापक 50 शेयरों वाला निफ्टी 50 भी नरमी की धारणा के साथ अंत में कुल मिला कर 55.70 अंक (0.22 प्रतिशत) के हल्के सुधार के साथ 25,461.00 पर बंद हुआ। निफ्टी 25,428.85 पर खुलने के बाद दिन में 25,331.65 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में लिवाली का समर्थन मिलने से यह में 25,470.25 के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। इस स्तर पर बाजार में प्रतिरोध दिखा। एशिया के प्रमुख बाजारों में शुक्रवार को मिला जुला प्रदर्शन दिखा। बाजारों को अमेरिका की आयात शुल्क नीति पर ट्रम्प सरकार के अगले निर्णय का इंतजार है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार में क्षेत्रवार शेयरों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। प्राइवेट बैंकों के शेयर भी दबाव में दिखे। व्यापक रूप से बाजार में धारणा शांत रही। साप्ताहिक रोजगार के आंकड़ों में 1.47 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित हुए और बेरोजगारी का स्तर गिरकर 4.1 प्रतिशत पर आ गया, जिससे निवेशकों में थोड़ा उत्साह बना। वेस्टेड फाइनांस के सीईओ विक्रम शाह ने अमेरिकी बाजार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां बुनियादी लचताएं बनी हुई हैं। निजी क्षेत्र में भर्तियों की रफ्तार मंद पड़ी है और दीर्घकालिक बेरोजगारी की चिंता है। प्रमुख एशियायी बाजारों में सीमित घट-बढ़ के साथ मिले जुले रुख के बीच टोक्यो बाजार हल्के सुधार के साथ बंद हुआ लेकिन सिंगापुर और हांगकांग के प्रमुख सूचक.ांक गिरावट में रहे। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट क्रूड आयल 0.93 प्रतिशत गिरावट के साथ 68.16 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर चल रहा था।

## सोना सस्ता होकर 97,142 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने का दाम शुक्रवार को 195 रुपए सस्ता होकर 97,142 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 97,337 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 253 रुपए घटकर 1,07,367 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,620 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी।

# इन्वेस्ट यूपी अमेरिका और यूके में रोड शो व राउंड टेबल चर्चा करेगा

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी दुनिया भर के निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अमेरिका और इंग्लैंड में रोड शो और राउंड टेबल चर्चा का आयोजन करेगी।

इन्वेस्ट यूपी के सूत्रों ने बताया कि इन आयोजनो का उद्देश्य चीन के विकल्प की तलाश कर रही वैश्विक विनिर्माण कंपनियों को प्रदेश में आकर्षित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के लिए यह एक रणनीतिक अवसर है, जिससे वह वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों के समकक्ष, एक भरोसेमंद और लागत प्रभावी विनिर्माण स्थल बनकर उभर सकता है। इस पहल के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और यूनाइटेड लकगडम में वैश्विक रोड शो, गोलमेज (राउंडटेबल) चर्चायें और रणनीतिक व्यावसायिक संवाद आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की निवेश-अनुक.ूल नीतियों, क्षेत्रीय क्षमताओं और औद्योगिक तत्परता को वैश्विक दिग्गजों और फॉर्च्यून 500 कंपनियों के समक्ष प्रस्तुत कर, बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। इस वैश्विक आउटरीच के तहत न्यूयॉर्क, सैन फांसिस्को, लॉस एंजेल्स, लंदन, पेरिस, फैंकफर्ट, मिलान, एम्स्टर्डम और बर्मिंघम जैसे प्रमुख शहरों में उच्च स्तरीय बी2जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) बैठकें और गोलमेज चर्चाएँ आयोजित की जायेंगी। भारतीय दूतावासों तथा यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) जैसे प्रमुख व्यापार संघों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्णय निर्माताओं के साथ उत्तर प्रदेश की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों के साथ संवाद स्थापित करेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन की...** ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की। अब पहले की तरह आतंकवादी कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

**मुआवजा देने...** उन्हें कानूनी सलाह मिली और न ही इन दस्तावेजों की कोई कॉपी दी गई। एयर इंडिया के अधिकारियों ने कुछ परिजन पर फॉर्म भरने का दबाव डाला और उनके घर जाकर पूछने लगे कि फॉर्म क्यों नहीं भरे गए। रिजन से कहा गया कि जब तक वे फॉर्म नहीं भरते, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। जबकि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक एयरलाइन को पहचान और रसीद पर हस्ताक्षर के बाद तत्काल अंतरिम मुआवजा देना होता है, किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होती। एयर इंडिया ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ये दावे गलत और आधारहीन हैं। एयरलाइन ने इंडिया टुडे को दिए बयान में कहा कि फार्म का उद्देश्य केवल पारिवारिक संबंधों की पुष्टि करना है। हमने फॉर्म को जितना हो सके सरल बनाने की कोशिश की है, ताकि मुआवजा सही व्यक्ति तक जल्दी और सही तरीके से पहुंचे। एयरलाइन ने दावा किया कि पहले ही कुछ परिजन को अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया है। कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं जरूरी हैं, लेकिन हम परिवारों को पूरा समय और सहूलियत दे रहे हैं।

# बिना लाटरी के जरिये प्रिंसिपल की नियुक्ति शिक्षा व्यवस्था को घातक

## बिहार सरकार इस पर उचित कदम उठाए: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बिहार के पटना विश्व.विद्यालय से संबद्ध संस्थानों में प्रधानाचार्यो की नियुक्त लाटरी के जरिए किया जाने का प्रयोग शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकता है और इसके लिए केंद्र को उचित कदम उठाने की जरुरत है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार के प्रसिद्ध पटना विवि के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है। स्थापित परम्परा से हटकर, 'लाटरी' के ज़रिए नियुक्ति की एक प्रकार से विचित्र व्यवस्था



लागू करने के कारण केवल कला विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कालेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार प्राचार्य बन गए हैं, जबकि बिहार विवि में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रो. अल्का यादव विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइंस कालेज की नई प्रिंसिपल नियुक्त हुई हैं। मायावती ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य कॉलेज में भी हुई है। यहां पहली बार कला संकाय की प्राध्यापक डा. सुहेली मेहता प्राचार्य बनी हैं, उनके विषय की पढ़ाई इस कालेज में नहीं होती है। साथ ही महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कालेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिन्सिपल मिले हैं। प्रो. एनपी वर्मा यहां के नए प्राचार्य होंगे, जबकि प्रो. योगेन्द्र कुमार वर्मा की लाटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है। इसको लेकर लोगों में उत्सुकता है कि बिहार सरकार व वहां के चांसलर द्वारा इस प्रकार लाटरी के माध्यम से की गई प्रिंसिपल की नियुक्तियों को सही ठहरा कर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हत्यारे ने ऑन कैमरा कुबूला गुनाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाजपत नगर कपड़ा कारोबारी के घर में घुसकर उनकी पत्नी और नाबालिग बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। कारोबारी की दुकान पर काम करने वाले सहायक मुकेश पासवान ने एडवांस सैलरी के ४० हजार रुपये मांगने और मामूली डांट से नाराज होकर इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

पुलिस ने आरोपित को पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपित का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ था। इस मामले में आरोपित मुकेश ने पुलिस के सामने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। कुलदीप की दुकान पर सहायक मुकेश पासवान ने ऑनकैमरा कहा कि उसने मालकिन रुचिका से ४० हजार रुपये एडवांस सैलरी ले रखी थी। मालकिन ने बुधवार को पैसे और मोबाइल मांगा।

इस पर मैंने पैसे व मोबाइल देने से इंकार कर दिया। आरोपित ने कहा कि मोबाइल पर बात होने के बाद वह शाम को कुलदीप के घर गया। यहां पर रुचिका ने कहा कि वह पैसों के बारे में कुलदीप को बता देगी। इस पर आरोपित ने रुचिका और उनके बेटे कृष की हत्या कर दी।

कुलदीप सेवानी का परिवार लाजपत नगर पार्ट-एक के एफ-४० में रहता है। कुलदीप के पास पांच मंजिला बिल्डिंग में बेसमेंट, ग्राउंड, फर्स्ट और सेकेंड फ्लोर हैं। परिवार में पत्नी रुचिका सेवानी, १४ वर्षीय बेटा कृष सेवानी और एक बेटी है। बेटी जम्मू में पढ़ाई कर रही है, जबकि कृष १०वीं कक्षा का छात्र था। कुलदीप की लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट में कपड़ों की दुकान है, जिसे वे अपनी पत्नी के साथ संभालते थे। बुधवार को कुलद. ीप दुकान पर थे। शाम करीब पांच बजे उन्होंने रुचिका के मोबाइल पर कॉल की, लेकिन किसी ने नहीं उठाया। इसके बाद बेटे के मोबाइल पर कॉल की, फिर भी कोई जवाब नहीं मिला।

रात करीब साढ़े नौ बजे तक उन्होंने कई बार कॉल किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। परेशान होकर कुलदीप अपने सेल्समैन प्रेम सागर के साथ स्कूटी पर घर पहुंचे। घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दरवा. जा अंदर से बंद था और दरवाजे तथा सीढ़ियों पर कई जगह खून लगा था। अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर कुलदीप ने रात ९:४३ बजे पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मकान के छोटे दरवाजे का गेट काटकर भीतर दाखिल हुई।

# दो चोर गिरफ्तार, चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के पश्चिम विहार पूर्व थाने के स्टाफ ने दो आदतन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का मोबाइल फोन और बटन चालित चाकू बरामद किया है। दोनों आरोपी पहले कई आपराधिक मामलों में शामिल रह चुके है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि१ जुलाई को, एक आरटीवी बस के अंदर रिपोर्ट किए गए मोबाइल फोन की चोरी के संबंध में पश्चिम विहार ईस्ट थाने में एक ई-एफआईआर दर्ज की गई थी।इसके बाद एसीपी पश्चिम विहार स्वागत आर पाटिल की देखरेख में एसएचओ पश्चिम विहार ईस्ट राधेश्याम के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल नरेंद्र,मोहित और कांस्टेबल पवन की टीम ने जांच शुरू की।जांच के दौरान, टीम ने अपराध स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण शुरू किया, जिसमें संभावित भागने के रास्तों और संभावित गंतव्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही, संभावित संदिग्धों के बारे में खुफिया जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय गुप्त मुखबिरों को सक्रिय किया गया। इसी बीच टीम को नाला रोड, मीरा बाग के पास संदिग्धों की आवाजाही के बारे में एक विश्वसनीय सूचना मिली ।इस सूचना पर टीम ने नाला रोड पर पेट्रोल पंप से सटे बस स्टॉप के पास संदिग्ध व्यवहार करते हुए पैदल चल रहे दो व्यक्तियों को देखा।पुलिस की मौजूदगी को देखते ही, संदिग्धों ने घटनास्थल से भागने का प्रयास किया।

हालांकि टीम ने दोनों संदिग्ध प्रेम सिंह (५८) और राजू उर्फ राजा (२७) को थोड़ी देर पीछा करने के बाद पकड़ लिया ।उनकी सरसरी तलाशी के दौरान, प्रेम सिंह उर्फ घ्घ्गोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया और राजू उर्फ घ्घ्राजा के पास एक चाकू मिला। दोनों वस्तुओं को केस प्रॉपर्टी के रूप में जब्त कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रेम सिंह उर्फ गोपी, पहले तीस से अधिक जबकि आरोपी राजू उर्फ राजा बारह अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दोनो आरोपी चोरी और जेबकतरी में लिप्त आदतन अपराधी हैं। वे सार्वजनिक बसों को निशाना बनाते हैं, यात्रियों से पर्स, मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान चुराते हैं।

## सशस्त्र डकैती मामले में वांछित भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने महेंद्र पार्क में दर्ज सशस्त्र डकैती मामले में वांछित पीओ को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक सहयोगी (एक सीसीएल) के साथ अपराध किया था और वह २०२० से गिरफ्तारी से बच रहा था।आरोपी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों का लंबा इतिहास रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि ०२ जुलाई २०२० को, दो हमलावरों ने महेंद्र पार्क थाने के क्षेत्र में एक व्यक्ति पर हिंसक हमला किया और उसका मोबा. इल लूट लिया। हमले के दौरान पीड़ित को चोटें आईं। इसके बाद महेंद्र पार्क थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों में से एक, पंकज उर्फ घ्घ्पंखा (३७), को बाद में कोर्ट द्वारा ३०.जून के आदेश द्वारा पीओ घोषित किया गया था। इसके बाद एसीपी रमेश चंद्र लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया के नेतृत्व में एसआई संजय कनौजिया,मुकेश, एएसआई विनय , हेड कांस्टेबल आशीष रविंदर और कांस्टेबल रवि की टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी पंकज उर्फ पंखा को आदर्श नगर से गिरफ्तार कर लिया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने लॉ इंटर्न से की बातचीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संवैधानिक संतुलन तभी बना रहता है जब कोई भी संस्था दूसरी संस्था के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप न करे, यही संतुलन लोकतांत्रिक शासन का आधार है। यह वक्तव्य दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधान सभा परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में देशभर के प्रमुख संस्थानों से आए लॉ इंटर्न को संबोधित करते हुए दिया।

इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि संसदीय लो. कतंत्र की सशक्तता राज्य की प्रत्येक संस्था की भूमिका और विशेषाधिकारों के सम्मान में निहित है। ये सभी लॉ इंटर्न, विधान शोध ब्यूरो द्वारा संचा. लित एक शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा आए थे।इस अवसर पर विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित थे।अपने संबोधन में गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा के संवैधानिक विकास की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधान सभा का गठन १७ मार्च १९५२ को "भाग 'सी' राज्य शासन अधिनियम, १९५१" के तहत हुआ था। इसके पश्चात, १९८७ में गठित बालाकृष्णन समिति (सरकारिया समिति) की सिफारिशों के आधार पर दिल्ली में पुन: निर्वाचित विधान सभा की बहाली की दिशा में पहल की गई।

इन सिफारिशों के परिणामस्वरूप भारत के संविधान में १९९१ में ६९वां संशोधन किया गया, जिसके अंतर्गत अनुच्छेद २३९AA और २३९AB जोड़े गए और दिल्ली विधान सभा की पुन: स्थापना हुई।




**विधानसभा केअध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता कॉन्फ्रेंस हॉल में देशभर के प्रमुख संस्थानों से आए लॉ इंटर्न को संबोधित करते हुए।**

## एक नजर

### डीडीयू अस्पताल में डॉक्टर की नौकरी पाने को मारामारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीडीयू अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के पद पर नौकरी पाने के लिए मारामारी रही। दिल्ली सरकार के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में करीब दस घंटे तक अस्पताल में इंटरव्यू का दौर चला। अस्पताल ने जूनियर रेजिडेंट के ४३ पदों को भरने के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया था। उसमें आठ गुना से अधिक आवेदक नौकरी के लिए पहुंच गए। जूनियर रेजिडेंट के ४३ पदों को भरने के लिए सुबह ११ बजे से इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू हई और रात नौ बजे तक इंटरव्यू का दौर चला। इसमें लगभग ३५५ आवेदकों ने हिस्सा लिया। एडहॉक पर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति होनी है। इसके लिए एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले आवेदक योग्य थे।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. संदीप डागर ने बताया कि अधिक आवेदकों के आने की कई वजह है। इसमें सबसे पहला कारण दिल्ली में दूसरे राज्यों की तुलना में वेतन का अधिक होना है। देश के मेडिकल कॉलेजों और विदेश से एमबीबीएस करने वाले छात्र हर साल तेजी से बढ़ रहे हैं। छात्र के मन में होता है कि पीजी की तैयारी के साथ नौकरी करने से पढ़ाई के खर्चे भी वहन हो जाएंगे और प्रैक्टिस भी कर लेंगे। एक-दो महीने पहले सफदरजंग अस्पताल में करीब १९८ पदों के लिए लगभग १२०० आवेदक पहुंचे थे। वहां पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

### आभूषण विनिर्माण इकाई की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स, तेलंगाना में अत्याधुनिक, पूरी तरह से एकीकृत आभूषण विनिर्माण इकाई की शुरुआत की है. यह इकाई अपनी तरह की सबसे बड़ी है। मलाबार गोल्ड के 13 देशों में 400 से ज्यादा शोरूम हैं। इस इकाई की शुरुआत को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, "हैदराबाद में हमारी अत्याधुनिक आभूषण विनिर्माण इकाई, जो परंपरा, कला, आधुनिकता और परिशुद्धता का संयोजन करती है, आभूषण विनिर्माण में एक नए युग की शुरुआत है। यह इकाई हमारे 'मेक इन इंडिया, मार्केट टू द वर्ल्ड' दृष्टिकोण के अनुरूप वैश्विक बाजारों के लिए भारत में विश्वस्तरीय आभूषण तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

### वरिष्ठ नागरिकों ने जन्मदिन समारोह मनाया

**नई दिल्ली।** सिल्वर लाइन सीनियर सिटीजन्स एसोसिएशन द्वारा हिमाचल प्रदेश की मनोरम वादियों की यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को तनाव व अवसाद से दूर रखते हुए समाज से जुड़ाव बढ़ाना और हिमाचल के नागरिकों से नेटवर्क स्थापित करना था। इस यात्रा के दौरान राजगढ़ में एक भव्य संगीत संध्या और सदस्य के जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरी यात्रा के दौरान भजन, पुराने और नए फिल्मी गीतों की धुनों पर सभी ने संगीत और नृत्य का आनंद लिया। इस यात्रा ने सभी प्रतिभागियों को न केवल मानसिक ताजगी दी, बल्कि उन्हें एक-दूसरे के करीब लाकर एक सशक्त समुदाय की अनुभूति भी कराई।

### धमकी देने में शामिल बदमाश बन गया सुरक्षा गार्ड, पकड़ा

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में मोबाइल फोन बेचने वाले युवक को गोली मारने की धमकी देकर लूटने और जाफरपुर कलां इलाके में एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया था। वारदात में शामिल भारत उर्फ मोनू को काफी समय से तलाश थी। अपराध शाखा में तैनात एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर अजय शर्मा और अजय घलावन के निर्देशन में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल शब्बीर खान की पुख्ता जानकारी पर फारुख नगर गुडगांव इलाके से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह पिछले करीब दस साल से गिरफ्तारी से बच रहा था। अपनी पहचान छिपाने के लिए जापानी फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम कर रहा था।

# हर्षदीप बेनीवाल की भूख हड़ताल का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा बार एसोसिएशन कड़कड़डूमा कोर्ट के ज्वाइंट सेक्रेटरी श्री हर्षदीप बेनीवाल ने दूसरे दिन भी अपनी भूख हड़ताल जारी रखी। कड़कड़डूमा कोर्ट से एनआई डिजिटल कोर्ट के स्थानांतरण का वकील विरोध कर रहे।कोर्ट खुलने के बाद से धरना और अब भूख हड़ताल से वकीलों में खासा रोष है।

दूसरे दिन भूख हड़ताल पर बैठे ज्वांइट सैक्रेटरी हर्षदीप बेनीवाल ने बताया,कि चौक बाउंस मामले में शाहदरा बार एसोसिएशन से पूछे बिना राउज ऐवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करना एक तुगलकी फरमान है,जबकि इससे पूर्व बार एसोसिएशन से संपर्क किया जा सकता था, लेकिन ऐसा नही हुआ। श्री बेनीवाल ने कहा,कि बार एसोसिएशन इसका विरोध करती है, यदि जल्द ही इस निर्णय को वापिस नहीं लिया गया,तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।श्री बेनीवाल ने बताया,कि




एसोसिएशन के अध्यक्ष वी.के.सिंह, सचिव नरवीरडबास,आर.के.कोचर,डी.के.सिंह (सदस्य बीसीडी), सुमित जैन,सनाफ खान,शिवम चौधरी, अब्दुल राऊफ,लव सिरोही, विष्णु शर्मा,अजय प्रताप सिंह,सहित भारी संख्या में वकील एकजुट होकर इस अन्याय का विरोध करते रहेंगे।

## भूस्थानिक विज्ञान विभाग की डीटीयू में होगी शुरूआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से छात्र अब भूस्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी पढ़ाई कर सकेंगे। छात्र रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली, ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम, सर्वेक्षण, थ्रीडी मॉडलिंग सहित कई दूसरे विषयों को जान सकेंगे।

विश्वविद्यालय कौशल और उद्योग की मांग के अनुसार भी कई शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करने जा रहा है। छात्रों को आत्मनिर्भर और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ साझेदारी की जा रही है।

# शाहरुख खान होंगे सिटी ऑफ ड्रीम्स के उद्घाटन में शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेताज बादशाह शाहरूख खान 2 अगस्त 2025 को श्रीलंका पहुंच रहे हैं। वे सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओप. निंग में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 'किंग खान' के नाम से दुनिया भर में मशहूर और ढेरों अवॉर्ड जीतने वाले शाहरुख खान को साउथ एशिया के पहले लक्जरी इंटीग्रेटेड रिजॉर्ट की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य ओपनिंग समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, गौरतलब है कि इस रिजॉर्ट का विकास जॉन कील्स होल्डिंग्स एवं मेल्को रिजॉर्ट्र्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट की साझेदारी में हुआ है। सिटी ऑफ ड्रीम्स श्री लंका की भव्य ओपनिंग 2025 में इस क्षेत्र के सबसे ग्लैमरस आयोजनों में से एक होगी, जहां रिजॉर्ट के कैंपेन 'लैट्स गो, लैट गो' का आधिकारिक लॉन्च भी होगा।

इसी के साथ लक्जरी एवं एंटरटेनमेन्ट का नया दौर शुरू होगा, इस इंटीग्रेटेड रिजॉर्ट में एक विश्व-स्तरीय कैसीनो होगा, जिसका संचालन मेल्को रिजॉर्ट्स एण्ड एंटरटेनमेन्ट द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही मेल्को के लक्जरी होटल ब्राण्ड नुवा का प्रवेश कोलंबो के जीवंत आतिथ्य को और भी लुभावना बना देगा।

# लोनी रोड से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोनी रोड पर शाहदरा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई में निगम, दिल्ली पुलिस, पीडब्ल्यूडी व प्रशासन और बीएसईएस की टीम शामिल हुई। दुर्गापुरी से लेकर शाहदरा जीटी रोड तक कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बुलडोजर से फुटपाथ पर किए गए स्थायी अतिक्रमण को तोड़ा गया। कई खोके व ठेलियों को धवस्त कर दिया गया। पुलिस व पीडब्ल्यूडी से कहा किया है वह दोबारा से अतिक्रमण न होंने दें। निगम ने सामान भी जब्त किया।

एसडीएम शाहदरा तपन झा ने कहा कि शिकायत मिल रही थी कि लोगों ने लोनी रोड पर अतिक्रमण किया हुआ है। राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को परेशानी होती है। डीटीसी ने इस रूट पर बस सेवा शुरू की है। बसों को चलने में दिक्कत आ रही थी। प्रशासन ने सभी विभागों को बुलाया और ओचक कार्रवाई को अंजाम दिया। लोगों ने दुकान व मकान में जाने के लिए फुटपाथ पर सीढियां बना ली थी। उन्हें बुलडोजर से तोड़ा गया है।दावा किया कि इस कार्रवाई के बाद डीटीसी की बसें जाम में नहीं फंसेंगी। अधिकारी ने यह भी कहा कि अगले कुछ दिनों में फिर से कार्रवाई की जाएगी। लोग अपने कारोबार करें, लेकिन सड़क व फुटपाथ पर अतिक्रमण न करें।

निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन ने प्रीत विहार व निर्माण विहार में कार्रवाई की। निगन ने फुटपाथों को खाली करवाया। लकड़ी के खोके व ठियों को तोड़ा। निगम की टीम पहुंचते ही यहां अतिक्रमण करने वालों में खलबली मच गई। निगम की टीमों ने अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया। पुलिस से कहा गया है कि दोबारा से अतिक्रमण न होने दें।

# वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीलमणि भारद्वाज, इंडियन बैंक, जोनल मैनेजर, नोएडा एवं कृतिका पाल, शाखा प्रबंधक पटेल नगर, गाजियाबाद ने खेतान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद में वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर ममता कपूर, डायरेक्टर एजुकेशन खेतान पब्लिक स्कूल, आनंद कुमार, प्रधानाचार्य खेतान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, सभी शिक्षक गण तथा विद्यालय के छात्र भी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम ममता कपूर, आनंद कुमार, प्रधानाचार्य खेतान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद ने नीलमणि भारद्वाज का स्वागत किया और आगामी समय में भी खेतान पब्लिक स्कूल की अन्य शाखाओं में इस प्रकार के आयोजन करने का अनुरोध किया। नीलमणि भारद्वाज, अंचल प्रबंधक नोएडा ने स्कूल छात्रों को बैंकिंग, खाता खोलने और के.वाई.सी के बारे में जागरूक करने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पर भी चर्चा की, इस पर



आनंद कुमार प्रिंसिपल खेतान पब्लिक स्कूल गाजियाबाद ने जल्द से जल्द वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम शुरू करने का आश्वासन दिया। यह एक सफल चर्चा रही जिससे स्कूल के छात्रों को वित्तीय जागरूकता कराई जाएगी।

# कांग्रेस कमेटी के भीतर कार्यप्रणाली व व्यवहार को लेकर गुरचरन सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को लिखा शिकायत पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के भीतर चल रहे अंदरूनी असंतोष को उस समय नया मोड़ मिला जब कृष्णा नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरचरन सिंह राजू ने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव की कार्यप्रणाली और व्यवहार को लेकर गहरी आपत्ति जताई है। इस संबंध में उन्होंने एक गंभीर शिकायत पत्र पार्टी नेतृत्व को भेजा है, जिसमें कई आलोचनात्मक और चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं।

गुरचरन सिंह राजू ने प्रेस वार्ता में स्पष्ट किया है कि 25 जून 2025 को आयोजित दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यादव द्वारा न केवल उन्हें अपमानित किया गया, बल्कि बिना किसी विमर्श अथवा सूचना के उनके ही जिले में ब्लॉक अध्यक्षों की मनमानी नियुक्तियाँ की गईं। जब उन्होंने इस पर विरोध दर्ज कराया, तो देवेन्द्र यादव ने दुर्व्यवहार करते हुए धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया और अशोभनीय भाषा में बात की।



उन्होंने आगे कहा कि सबसे चिंताजनक टिप्पणी तब सुनने को मिली जब देवेंद्र यादव के एक सहयोगी ने कहा कि ख़ "के. सी. वेणुगोपाल हमारी जेब में हैं, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। राजू ने अपने शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में हुए यूथ कांग्रेस चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली, पक्षपात और भेदभाव हुआ। उन्होंने कहा कि उनके पुत्र हरप्रीत सिंह, जो वर्षों से सक्रिय युवा कार्यकर्ता हैं, उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया गया। उनके पक्ष में पड़े वोटों को ।ए प्रणाली के माध्यम से कटवाया गया, और अपनी निजी पसंद वाले प्रत्याशी लक्षित कालरा को चुनाव जितवाया गया। गुरचरन सिंह राजू ने यह भी कहा कि देवेंद्र यादव सिख विरोधी और निजी स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं जबकि मैंने पिछले 40 वर्षों में सभी प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं के साथ सक्रिय राजनीति की है।

राजू ने राहुल गांधी सहित शीर्ष नेतृत्व से कहा है कि देवेंद्र यादव के व्यवहार में अगर परिवर्तन नहीं आया तो कांग्रेस का ग्राफ यूहीं गिरता रहेगा। वही दूसरी तरफ गुरचरन सिंह की प्रेस वार्ता से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस करके गुरचरन सिंह राजू पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाकर उन्हें 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है।

## यूपीएससी -2023 पर उठी आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिविल सेवा परीक्षा-2023 के दोनों प्रश्नपत्रों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी की है कि यदि प्रश्नों या उनके उत्तर में कोई अस्पष्टता नहीं है, तो अदालत यह सुझाव नहीं दे सकती कि प्रश्न पत्र में प्रश्न किस प्रकार तैयार किए जाएं।

न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में लाखों छात्र शामिल होते हैं और वर्ष 2023 में भी छह लाख से अधिक परीक्षार्थी इसमें शामिल हुए थे। अदालत ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर परीक्षा आयोजित करते समय यह मान लेना उचित नहीं होगा कि सभी छात्रों का शैक्षणिक स्तर एक समान होगा या उनका पाठ्यक्रम बिल्कुल समान होगा। उपरोक्त टिप्पणी के साथ हाई कोर्ट ने अभ्यर्थी प्रणव पांडे की याचिका को खारिज कर दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, वाशिल चौधरी पुत्र मेहरबान चौधरी निवासी एल-125, जी/एफ, ब्लॉक- 7, सुंदर नगरी, दिल्ली-93 घोषणा करता हूँ कि मेरा वास्तविक नाम वाशिल चौधरी है जो मेरे सभी पहचान प्रमाणों में उल्लिखित है लेकिन मुझे मो. वाशिल के नाम से भी जाना जाता है। वाशिल चौधरी और मो. वाशिल दोनों एक ही व्यक्ति हैं। इसलिए भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए वाशिल चौधरी के नाम से ही जानें।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# तनख्वाह व पेंशन की मांग को लेकर जल निगम कर्मचारियों का प्रदर्शन



**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित जल निगम कार्यालय पर जल निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों ने वेतन और पेंशन की लंबित मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सभी कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर मौन व्रत रखा और अपनी मांगों को लेकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें लगातार वेतन और पेंशन मिलने में देरी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कई कर्मचारियों ने कहा कि महीनों से वेतन नहीं मिला, जिससे मेडिकल, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। जल निगम कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार और विभाग ने जल्द संज्ञान नहीं लिया, तो वह आंदोलन को और अधिक उग्र और व्यापक स्तर पर ले जाने के लिए बाध्य होंगे।

यूनियन ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी मांगें वाजिब और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यूनियन प्रति. निधियों ने जोर देकर कहा कि हम केवल अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं। नियमित वेतन और पेंशन देना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर हम मेहनत करते हैं, तो बदले में समय पर भुगतान मिलना भी जरूरी है। हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कर्मचारियों के चेहरों पर नारा. जगी और हताशा साफ दिखाई दी। कई कर्मचारियों ने यह भी कहा कि जब तक उन्हें कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिलेगा, वे प्रत्येक सप्ताह प्रतीकात्मक विरोध जारी रखेंगे। फिलहाल, सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जैसे ही कोई प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, इस खबर को अपडेट किया जाएगा।

## बारिश का कहर: कच्चा मकान गिरने से किसान की मौत

**गाजियाबाद।** देर रात हुई तेज बारिश ने एक बार फिर जनजीवन को प्रभावित किया। राजनगर एक्सटेंशन के पीछे खेतों में स्थित एक कच्चा मकान बारिश की मार नहीं सह सका और भरभराकर गिर गया, जिससे उसमें रह रहे 75 वर्षीय किसान भगवत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय पास ही स्थित गुरुद्वारे में रह रहे नागेंद्र सिंह और उनके दोस्त गुरदीप ने जब मकान गिरने की आवाज सुनी तो तुरंत मौके पर पहुंचे। दोनों ने मिलकर मलबे में दबे भगवत सिंह को बाहर निकाला और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल अवस्था में भगवत सिंह को संजय नगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेंद्र सिंह ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक, सिर में गंभीर चोटें लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार, भगवत सिंह का मकान कच्चा और जर्जर था। बेटी की शादी के बाद वे अपने बेटे से अलग होकर इस मकान में अकेले रह रहे थे। भारी बारिश के चलते मिट्टी कमजोर हो गई थी, जिससे मकान की दीवारें और छत ढह गईं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एचवीएसी कंसल्टेंट्स और आर्किटेक्ट्स का ऊर्जा-कुशल कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं और नवीनतम सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार, भारत ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में अपनी प्रगति के लिए शीर्ष 100 देशों में स्थान प्राप्त किया है। 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वें स्थान पर, देश जलवायु परिवर्तन से लड़ने के अपने प्रयासों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जिसमें स्थिरता पहल और हरित बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस गति को समर्थन देने के लिए, भारत की राष्ट्रीय राजधानी, नई दिल्ली, सौर ऊर्जा को अपनाने, बिजली के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और क्षेत्र को स्वच्छ, हरित और अधिक ऊर्जा कुशल बनाने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर रही है। इस वृद्धि को गति देने के लिए, भारत में हिताची की नवीनतम जापानी तकनीक के साथ, जॉनसन कंट्रोल्स- हिताची एयर कंडीशनिंग - एयर कंडीशनिंग समाधानों के एक अग्रणी प्रदाता - ने दिल्ली में 'हिताची एक्सचेंज प्रोग्राम' की मेजबानी की, जो आर्किटेक्ट्स और एचवीएसी सलाहकारों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विचार नेतृत्व कार्यशाला है, जबकि उद्योग के प्रभावशाली लोगों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना है।

## एसआरएम में दो दिवसीय 13वें अंतर्राष्ट्रीय कंप्यूटिंग सम्मेलन (ICRTC 2025) का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 4 और 5 जुलाई 2025 को दो दिवसीय 13वां अंतर्राष्ट्रीय कंप्यूटिंग सम्मेलन (ICRTC 2025) का सफलता पूर्वक शुभारंभ किया गया।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का आयोजन कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा स्प्रिंगर पब्लिकेशंस के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन 4 जुलाई को सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. एन. पी. पाढ़ी, निदेशक, एमएनआईटी जयपुर तथा एसआरएम एनसीआर कैंपस के डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डॉ. नवीन अहलावत (डीन, कैंपस लाइफ), डॉ. धोम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) और डॉ. ए. गीता भवानी (डीन, रिसर्च) ने किया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशिष्ट वक्ताओं में प्रो. मिलन टुबा (सिंगिदुनम यूनिवर्सिटी, बेलग्रेड, सर्बिया), डॉ. ईवा टुबा (ट्रिनिटी यूनिवर्सिटी, सैन एंटोनियो, टेक्सास) और प्रो. लिवान शिह (यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन, अमेरिका) ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया और प्रतिभागियों को वैश्विक शोध की दिशा से अवगत कराया। सम्मेलन में देश-विदेश से लगभग 350 प्रतिभागियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। प्राप्त 350 शोध पत्रों में से 70 उत्कृष्ट शोध पत्रों का चयन किया गया है, जिन्हें स्प्रिंगर लेक्चर नोट्स इन कंप्यूटिंग की श्रृंखला में दो खंडों के रूप में प्रकाशित किया जाएगा - पहले खंड में 35 और दूसरे खंड में शेष 35 शोधपत्र सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष, सीएसई डॉ. अवनीश वशिष्ठ के स्वागत भाषण से हुई। सम्मेलन का परिचय डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन एवं प्रोफेसर, एसआरएमआईएसटी) ने प्रस्तुत किया। उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय मंच की परिकल्पना को साकार करने के लिए संस्थान के निद. ेशक डॉ. एस. विश्वनाथन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमित कक्कड़, एसोसिएट प्रोफेसर, सीएसई विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया।

सम्मेलन के दौरान वक्ताओं और अतिथियों ने इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटिंग में हो रहे नवीनतम शोध, तकनीकी नवाचारों और उनकी सामाजिक-तकनीकी प्रभावों पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

## हिंदू रक्षा दल ने कांवड़ मार्ग पर नॉनवेज दुकानों और होटलों का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** सावन मास और आगामी कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद मेरठ रोड पर हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने सक्रियता दिखाई। संगठन के सदस्यों ने कांवड़ मार्ग पर स्थित नॉनवेज दुकानों और होटलों का दौरा किया और धार्मिक शुद्धता बनाए रखने की अपील की। हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने नॉनवेज बेचने वाले दुकानदारों से सावन मास के दौरान दुकानें बंद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह माह हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है, और इस दौरान मांसाहारी भोजन से दूर रहना धार्मिक आस्था का हिस्सा है। संगठन के अनुसार, यह पहल कांवड़ यात्रियों की धार्मिक भावना और माहौल की पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से की जा रही है। संगठन ने उन होटलों और रेस्टोरेंट्स पर भी सवाल उठाए जो हिंदू नामों का उपयोग करते हुए मुस्लिम संचालकों द्वारा चलाए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि ऐसे होटल संचालक अपनी असली पहचान और नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें, ताकि कांवड़ियों को भोजन की शुद्धता को लेकर कोई भ्रम न रहे। संगठन ने धार्मिक पहचान को स्पष्ट करने के लिए हिंदू संचालित होटलों पर भगवा झंडे भी लगाए। उन्होंने इसे धार्मिक भावना के प्रति सम्मान और श्रद्धालुओं को सही जानकारी देने की दिशा में उठाया गया कदम बताया।

## हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में चलाए गए पार्षद अभियान की लोगों ने की प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी सेंट्रल पार्क में कौशांबी के समस्त निवा. सियों द्वारा क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ समा. जसेवी लक्ष्मीकांत चांनना द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कराकर किया गया। हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में पार्षद द्वारा चलाए गए अभियान की सभी क्षेत्रवासी द्वारा प्रशंसा की गई। पार्षद द्वारा भी इस कार्य में क्षेत्र की जनता से मिले सहयोग की प्रशंसा की गई। कौशांबी में तो लोगों ने अपनी गली के बाहर हाउस टेक्स विरोध में बैनर लगा दिए कुछ जगहों पर प्रदर्शन भी किया गया और बड़ा हुआ हाउस हाउस टैक्स जमा नहीं कराया इस अवसर पर समा. जसेवी एवं प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव समाजसेवी दीपक गुप्ता सुनील गांधी अजीत नारंग द्वारा अपने विचार प्रकट करे। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि 30 जून की नगर निगम बैठक में सर्वसम्मति से इस बड़े फर्जी प्रस्ताव को निरस्त कराया गया। इस प्रस्ताव को निरस्त करने में सदन की मुखिया महापौर सुनीता दयाल सांसद अतुल गर्ग प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा विधायक अजीत पाल त्यागी विधायक संजीव शर्मा तथा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल समस्त पार्षद गण का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर कौशांबी पार्क ग्रुप कौशांबी प्लॉट एरिया कौशांबी टावर एरिया कौशांबी योगा ग्रुप पप्पू चौपाल से काफी लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से भाजपा नेता अवधेश कटियार एसके गोयल मुनेश चौहान सतीश गुप्ता नरेश कोहली जयपुरिया के अध्यक्ष के एल सचदेवा सुधीर गुप्ता राजेंद्र सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित है।

## किशोर से ठगे 10 लाख रुपये

**गाजियाबाद।** सोशल मीडिया के जरिए ठगी का एक चौंकाने वाला मामला मोदीनगर से सामने आया है, जहां इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर एक किशोर से 10 लाख रुपये से अधिक के सोने के गहने हड़प लिए गए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। वार्डर कॉलोनी निवासी गोविंद शर्मा के 14 वर्षीय भतीजे की इंस्टाग्राम पर दिव्यम नामक युवक से दोस्ती हुई थी। दिव्यम ने किशोर को आईफोन देने का झांसा दिया और धीरे-धीरे उसे अपने जाल में फंसा लिया। पहले किशोर से दो सोने की अंगूठियां चोरी से मंगवाई गईं, बदले में उसे एक पुराना आईफोन दिया गया। फिर फोन में आपत्तिजनक सामग्री होने की बात कहकर दिव्यम और उसके साथी ब्लैकमेलिंग पर उतर आए। उन्होंने किशोर को डराया कि यदि उसने सहयोग नहीं किया, तो पुलिस में रिपोर्ट करा दी जाएगी। इतना ही नहीं, किशोर को मोदीपोन चौकी ले जाकर, एक आरोपी के चाचा को 'पुलिस इंस्पेक्टर' बताकर धमकाया गया कि वह उसे गिरफ्तार करवा देंगे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-261-1/2/53A, मोहल्ला राजेन्द्र नगर इण्ड० एरिया, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN87741 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्मत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम **श्री हरजिन्दर सिंह के स्थान पर श्री अमनदीप सिंह सिद्धू** के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान- पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/ वारीसान प्रमाण- पत्र/ वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/ आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-261-1/2/53A, मोहल्ला राजेन्द्र नगर इण्ड० एरिया, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार **''नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी)** का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 25.06.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/ आवेदिका **श्री अमनदीप सिंह सिद्धू पुत्र स्व0 हरजिन्दर सिंह** का नाम सं0-261-1/2/53A, मोहल्ला राजेन्द्र नगर इण्ड० एरिया, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

**कर अधीक्षक**
**मोहन नगर जोन, गा.बाद।**

## चेयरमैन ने किया नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** जनसेवा के उद्देश्य से कस्बा पतला की चेयरमैन रीता चौधरी ने अपने पति समाजसेवी देवेंद्र चौधरी के साथ मिलकर संतोष अस्पताल गाजियाबाद के सहयोग से एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन स्वयं रीता चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया।

उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर देवेंद्र चौधरी, डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा (पूर्व चिकित्सक, संतोष अस्पताल), कृष्ण पाल चौधरी, अमित चौधरी, मदन पाल, आद. ेश शर्मा समेत अन्य प्रमुख व्यक्तित्व मौजूद रहे। सभी ने रीता चौधरी के इस प्रयास की खुलकर सराहना की और कहा कि यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगी।

रीता चौधरी ने कहा कि उनके इस प्रयास का उद्देश्य कस्बा पतला के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संतोष अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को 5 लाख तक का इलाज निशुल्क प्रदान किया जाएगा। शिविर में संतोष अस्पताल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं।

जिनमें जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, बाल रोग, दंत रोग परामर्श के साथ-साथ बीपी की जांच, रैंडम ब्लड शुगर टेस्ट, और आंखों की जांच जैसी सेवाएं आमजन को बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई गईं।

इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। चेयरमैन रीता चौधरी ने कहा कि वह भविष्य में भी इस प्रकार की जनहित योजनाएं लाकर अपने क्षेत्र कस्बा पतला को एक स्वस्थ और सशक्त समाज बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

### मैक्स हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने

## रीढ़ की समस्या से परेशान युवक को फिर से सीधा खड़ा और चलने योग्य बनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने गाजियाबाद के रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक की दुर्लभ और अत्यंत जटिल स्पाइनल सर्जरी करके उसे फिर से चलने और सीधा खड़ा होने में सक्षम बनाया। यह सर्जरी उस व्यक्ति के लिए जीवन बदलने वाली साबित हुई, जो पिछले दो वर्षों से गंभीर स्पाइनल डेफोर्मिटी के साथ जी रहे थे। इस सर्जरी ने उन्हें न केवल आजीवन विकलांगता से बचाया बल्कि एक सामान्य एवं सक्रिय जीवन जीने का नया अवसर दिया। मरीज दो साल पहले छह मंजिला इमारत से फिसलकर गिर गए थे जिस हादसे की वजह से उन्हें कई गंभीर चोटें आईं, जिनमें उनकी रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से में फ्रैक्चर- डिसलोकेशन भी शामिल था। उन्हें पास के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां अन्य चोटों का इलाज तो हो गया, लेकिन रीढ़ की गंभीर चोट को नजरअंदाज कर दिया गया। धीरे-धीरे जब वह बाकी चोटों से उबरने लगे, तो उनकी रीढ़ की हड्डी गलत पोजीशन में जुड़ गई, जिससे उनकी रीढ़ स्थायी रूप से टेढ़ी हो गई। समय के साथ उनकी हालत और बिगड़ती गई ख़ वह न तो सीधा खड़े हो पाते थे, न ही कुछ कदम चल पाते थे, और पीठ के बल लेटना भी उनके लिए संभव नहीं था।

# सुंदरदीप समूह में बीसीए/ एमसीए विदाई समारोह का भव्य आयोजन

**समारोह छात्रों की यादों से जुड़ा फ्लैशबैक स्मृति वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसने हर आंख को नम कर दिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में बीसीए (2022-25) एवं एमसीए (2023-25) बैच के छात्रों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के सेमिनार हॉल में उत्साह, भावनाओं और यादों से भरपूर वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्रों के पारंपरिक तिलक एवं पुष्पों से स्वागत के साथ की गई। इस गरिमामयी स्वागत ने कार्यक्रम का भावनात्मक आरंभ किया।

इसके बाद मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन में महेंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष), अखिल अग्रवाल (उपाध्ध्यक्ष), नितिन अग्रवाल (प्रो-कुलाधिपति), डॉ. प्रसंजीत कुमार (कुलपति), पीयूष श्रीवास्तव (प्रो-वाइस चांसलर, एडमिन), राजीव रतन (कुलसचिव) एवं सुभाष शर्मा (मुख्य लेखा अधिकारी) ने भाग लिया। इस पवित्र परंपरा के साथ समारोह को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई।

मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अपने प्रेरणादायक शब्दों से नवाजा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात एसडीईसी की निदेशक डॉ. मो. निका सेंगर ने भावुक उद्बोधन के साथ छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद छात्रों की यादों से जुड़ा फ्लैशबैक स्मृति वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसने हर आंख को नम कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक खेल, और टैलेंट शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीनियर छात्रों की रैम्पवॉक समारोह का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें आत्मविश्वास और उत्साह झलकता रहा। सभी विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया और पूरी टीम ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।




इस आयोजन की सफलता में प्री-फाइनल ईयर (BCA 2023-26) के छात्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ सीनियर्स को एक यादगार विदाई देने में अपना भरपूर सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग की विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक के नेतृत्व में किया गया। आयोजन समिति में माधवी जोशी, राजकुमार, ललतेश कुमारी, अंकित कुमार, मुरसलीम खान, एवं आरजू जैन की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही, एसडीजीआई एवं एसजीयू के निदेशकगण, एडमिशन सेल, एवं सीआरसी विभाग के गणमान्य प्रति. निधि भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए एक भावनात्मक विदाई था, बल्कि यह उनके शिक्षा जीवन की एक यादगार और प्रेरणास्पद उपलब्धि भी बन गया।

## संबंध विच्छेद

मैं राम सरन यादव पुत्र राम तेज यादव ई- 927, नन्दा कालोनी राम पार्क एक्स ग्राम- हकीकतपुर उर्फ खुदा बास लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र अजय यादव व पुत्र वधु कुसुम यादव को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# सिगरेट पीने से मना किया, तो चाकू गोदकर मार डाला, दंपति समेत चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बस बैटरी स्टेशन पर सिगरेट पीने से मना किया था,बोला था कि आग लग सकती है। बस इसी बात को लेकर आरोपी को इतना गुस्सा आया कि उसने साथियों के साथ मिलकर युवक की उसी के भाई के सामने चाकू गोदकर हत्या कर दी। जबकि उसका भाई बाल बाल बच गया। वहीं वारदात का चश्मदीद भी था और अपने साथी की सहायता से खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े अपने भाई को अस्पताल पहुंचाने वाला भी था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीम ने वारदात में शामिल दंपति और नाबालिग समेत चार को पकड़ लिया है,जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू,ई रिक्शा और बाइक भी जब्त कर ली। आरो. पियों की पहचान नवीन उसकी पत्नी मनीषा और चिराग के रूप में हुई है। चौथा नाबालिग है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि केशवपुरम पुलिस को बीते वीरवार को केशवपुरम पुलिस को दीपचंद बंधु अस्पताल से एक कॉल मिली थी,जिसमें बताया गया कि बीस साल के विकास साहू नामक युवक को उसके भाई और दोस्त ने भर्ती कराया है। विकास के शरीर पर चाकू के कई निशान हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। पुलिस को विकास के भाई मिथलेश साहू से पता चला कि वह और उसका भाई विकास, दोनों लॉरेंस रोड, रामपुरा इलाके में रहते हैं। वहीं इलाके में स्थित बैटरी स्मार्ट स्टेशन पर नौकरी करते हैं बीते बुधवार रात को ११ बजकर ५० मिनट पर जे जे कॉलोनी वजीरपुर का रहने वाला नवीन बैटरी स्टेशन पर बैटरी बदलवाने आया था। नवीन वहीं पर सिगरेट पीने लगा था। जिसको सिगरेट पीने से विकास ने मना किया था। उसको वहां पर सिगरेट पीने से होने वाले खतरे के बारे में भी बताया गया था,लेकिन नवीन दोनों से बहसबाजी करने लगा। कहासुनी व गाली-गलौज के बीच धमकी देकर चला गया।

कुछ ही दूर बाद वह ४ से ५ साथियों के साथ वापस लौटा और विकास पर हमला कर दिया। एक ने विकास पर चाकू से हमला किया। विकास चिल्लाता हुआ,जमीन पर गिर गया। सभी आरोपी मौके पर से फरार हो गए। वह अपने एक पड़ोसी संजय की सहायता से विकास को तुरंत अस्पताल ले गया था। पुलिस ने नवीन की तलाश की। उसके ठिकानों पर छापेमारी करके उसको गिरफ्तार करके उसकी निशानदेही पर दंपति और नाबालिग को पकड़ लिया।

# रिठाला अग्निकांड : शवों के इंतजार में बीत गए नौ दिन , नहीं आई डीएनए रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में रिठाला अग्निकांड को नौ दिन हो जाने के बाद भी इस आग में जान गंवाने वाले चार में से तीन शवों की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। अधिक झुलसने के कारण पुलिस ने इन शवों की पहचान के लिए घटना के एक दिन बाद डीएनए सैंपल लिए थे।

पुलिस सूत्रों की माने तो जो भी सैंपल एफएसएल में दिए गए हैं, वह पर्याप्त नहीं है। अभी सैंपल के और नमूने मांगे गए हैं, ताकि शवों की शिनाख्त ठीक से हो सके। रिपोर्ट आने में अभी दो से तीन दिनों का समय और लग सकता है। इस हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के स्वजन भी शवों के इंतजार में हैं, ताकि वे अपनों का अंतिम संस्कार कर सकें। १० साल का सुमित अपनी मां के इंतजार में टकटकी लगाए दरवाजे की ओर ही देखता रहता है। उसे उम्मीद है कि उसकी मां एक दिन उसके पास जरूर आएगी। बार-बार वह अपने पिता से पूछता है कि उसकी मम्मी कब आएंगी। रिठाला में प्लास्टिक बैग, टिशू पेपर और रूम फ्रेशनर स्प्रे बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने के बाद से सुमित की मां ललिता गायब है।

मूलरूप से बिहार के गोपालगंज की रहने वाली ललिता अपने परिवार के साथ राणा प्रताप पार्क रिठाला में रहती थी। उनके परिवार में पति राधा प्रसाद के अलावा तीन बच्चे पूजा, शुभम और सुमित है।बताया गया कि ललिता नितिन बंसल की बैग बनाने की फैक्ट्री में काम करती थी। घटना वाले दिन वह १० बजे फैक्ट्री में काम के लिए निकली थी। उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। वहीं, रिठाला की रहने वाली नीलम भी उसी दिन से गायब है। उसके परिजन भी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।वहीं, ललिता प्लास्टिक बैग बनाने वाली फैक्ट्री में महज छह हजार रुपये महीना पर काम करती थी। इसी फैक्ट्री में काम करने वाली नीलम के अलावा तीसरी मंजिल पर रूम फ्रेशनर की फैक्ट्री चलाने वाले राकेश अरोड़ा भी गायब हैं। आग पर काबू पाने के बाद इमारत से चार शव बरामद हुए थे। पुलिस ने इनके परिजनों के डीएनए सैंपल भी लिए थे, लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं आई। हादसे में चौथे मृतक दिलीप सिंह (६२) की पहचान हो गई थी। पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है, लेकिन उनका शव परिवार को नहीं सौंपा गया है।

# मुख्यमंत्री जनसेवा सदन का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' का उद्घाटन किया। सिविल लाइंस स्थित २/८ राज निवास मार्ग पर यह 'सदन' आम नागरिकों और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करेगा, जहां मुख्यमंत्री और उनके साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन आम लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों और समस्याओं के निदान के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे।

मुख्यमंत्री का कहना है कि यह सदन दिल्ली के प्रत्येक नागरिक की चिंता, आशा, सुझाव और समाधान का केंद्र बनेगा। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री, दिल्ली के सांसद, विधायक, पार्षद व गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने मां भारती और समस्त दिल्लीवासियों के कल्याण की भावना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, पूर्ण श्रद्धा, समर्पण और संकल्प के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भवन जन-भागीदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की उस परंपरा का विस्तार है, जिसकी नींव जनता के विश्वास पर टिकी है।

हम इस 'सदन' को सेवा, समाधान और समर्पण का प्रतीक बनाएंगे, जहां हर शिकायत को समाधान मिले, हर आवाज को उत्तर मिले और हर नागरिक को पूरा सम्मान मिले। उन्होंने बताया कि यह सदन दिल्ली सरकार द्वारा जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, जनसुनवाई को संस्थागत रूप देने और समस्याओं के शीघ्र समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि 'सदन' में प्रतिदिन निर्धारित समयावधि के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और जनता के साथ सीधा संवाद कर संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। शिकायतों का डिजिटल पंजीकरण, समाधान की समय-सीमा तय करना, फॉलो- अप व्यवस्था और समाधान की गुणवत्ता पर निगरानी-यह सभी पहलू इस जनसेवा सदन की कार्यप्रणाली में समाहित किए गए हैं।



**पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित टेटी मास्टर ट्रेनर्स वर्कशॉप के अवसर पर।**

# 9वें दिन संतोषजनक रही एयर क्वालिटी: सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 'संतोषजनक' श्रेणी में दर्ज किया गया है। आज का AQI स्तर 78 रहा। इस मौके पर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि यह सुधार जमीन पर किए जा रहे कई स्तरों के प्रयासों का नतीजा है ख्र जैसे कि लिगेसी वेस्ट की सफाई, सड़क धूल नियंत्रण, वाहन निगरानी, और जनता की भागीदारी।

"हम दिन-रात दिल्ली की हवा, जमीन और सड़कें साफ करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन हो रही लैंडफिल की सफाई, हर स्वच्छ हवा वाला दिन इस बात का सबूत है कि हमारे संकल्प और मेहनत का असर हो रहा है।

इसके अलावा पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित टेटी मास्टर ट्रेनर्स वर्कशॉप को संबोधित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य था लोगों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना जगाना और ऐसे मास्टर ट्रेनर्स तैयार करना जो समाज के हर वर्ग में सतत जीवनशैली और वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण का संदेश ले जा सकें।

## महावतार नरसिम्हा ने रथ यात्राओं से शुरू किया अपना प्रमोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महावतार नरसिम्हा धीरे-धीरे एक ऐसी सिनेमाई भव्यता का रूप ले रहा है, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई। महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स के पहले चौप्टर के तौर पर इस फिल्म ने अब तक अपने दमदार पोस्टर और शक्तिशाली गीतों के जरिए दर्शकों की कल्पना को पूरी तरह बांध लिया है। हाल ही में मेकर्स ने भगवान विष्णु के सात अवतारों पर आधारित फिल्मों की भव्य घोषणा कर दी, जिससे फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया। इसी बीच अब महावतार नरसिंह ने नोएडा में शुरू हुई रथ यात्रा में भी अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई है।

महावतार नरसिम्हा सच में दर्शकों के लिए एक अनोखा विजुअल अनुभव बनने जा रहा है। फिल्म का प्रमोशनल सफर अब जोर पकड़ रहा है, और देशभर के कई मंदिरों में इसके पोस्टर लगाए जा रहे हैं। हाल ही में नोएडा के एक मंदिर में भी फिल्म का पोस्टर देखा गया, जिसने लोगों का ध्यान खींचा। मेकर्स का अगला कदम और भी बड़ा है, अब वे विदेशों के मंदिरों में भी फिल्म के पोस्टर लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

# विधानसभा की 11 समितियां गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वर्ष २०२५-२६ के लिए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा की ११ नई समितियों का गठन किया। इनमें महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र एवं युवा कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, पर्यावरण, आचरण समिति और अनधिकृत कॉलोनियों से संबंधित विषयों पर समितियां शामिल हैं। साथ ही, विशेषाधिकार समिति, पटल पर प्रस्तुत पत्रों की समिति और प्रतिनिधि विधान समिति का भी गठन किया गया है। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इन समितियों में सभी राजनीतिक दलों को समुचित प्रतिनिधित्व देकर लो. कतंत्र की सहभागिता और समावे. शिता को सशक्त किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये समितियां न केवल विधायी कार्य प्रणाली को मजबूती देंगी, बल्कि दिल्लीवासियों के हित में नीतिगत सुझाव और निगरानी का कार्य भी करेंगी।

चरणबद्ध तरीके से अब तक कुल २९ समितियों का गठन हो चुका है। पहले चरण में ११, फिर ७ और अब ११ समितियां गठित हुई हैं। शेष छह समितियों का गठन भी शीघ्र किया जाएगा।

इन समितियों में जहां महिला एवं बाल कल्याण समिति की अध्यक्षता पूनम शर्मा करेंगी। वहीं, छात्र एवं युवा कल्याण समिति की जिम्मेदारी अहिर दीपक चौधरी को सौंपी गई है। विशेषाधिकार समिति का नेतृत्व प्रद्युम्न सिंह राजपूत और अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समिति का दायित्व कैलाश गंग. वाल को दिया गया है।

प्रतिनिधि विधान समिति के अध्यक्ष संजीव झा, पटल पर प्रस्तुत पत्रों की समिति के अध्यक्ष गोपाल राय, पर्यावरण समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, आचरण समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष तरविंदर सिंह मरवाह, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कल्याण समिति के अध्यक्ष राज करण खत्री और अनधिकृत कॉलोनियों से संबंधित विषयों पर समिति के अध्यक्ष कुलदीप सोलंकी बनाए गए हैं।

## बलात्कार करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** 2015 में पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार करने वाले एक पैरोल जंपर आदित्य कुमार को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को दस साल की सजा सुनाई गई थी।

बीते मार्च महीने में मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया, मई २०२५ में सेंट्रल जेल नंबर ११, मंडोली में आत्मसमर्पण करना था,जो उसने किया नहीं था। वह सजा से बचने के लिए घर बदलने की योजना बना रहा था। २३ जनवरी २०१५ में लक्ष्मी नगर में आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया था। एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रमेश नगर के बी-ब्लॉक के पास एक इमारत की पहली मंजिल से गिरफ्तार किया।

# दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने में एक आरोपी बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने महिला के साथ दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने के एक आरोपी को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) दिग्विनय सिंह ने आरोपी रविंद्र को आरोपमुक्त कर दिया।

न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी के अलावा अन्य वीडियो अपलोड करने वालों की पहचान जांच के दौरान नहीं हो सकी थी। क्योंकि उन वीडियो को विभिन्न स्थानों और आईपी पतों से अपलोड किए जाने का दावा किया गया था। वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने वाले असल व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी। अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ उचित संदेह से परे सबूत पेश नहीं किए हैं, जो आपराधिक मुकदमे में दोषसिद्धि के लिए आवश्यक है।

मामला तीन सितंबर, २०१६ का है, जब एक महिला ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सह आरोपी संदीप पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी संदीप ने शिकायत करने से ग्यारह महीने पहले उसे अपने घर बुलाया था। इस दौरान नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# गैंगस्टर के भांजे की हत्या में शामिल नंदू गैंग के शूटरों को गोली मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बीते २७ जून की सुबह बवाना इलाके में गैंगस्टर मंजीत महल के भांजे दीपक की बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब दीपक अपनी पांच साल की बेटी के साथ मॉर्निंग वॉक कर रहा था।

गोली के छर्रे दीपक की बेटी को भी लगे थे। वारदात में शामिल गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के सोमबीर उर्फ चीनू और वंकटेश गर्ग के गुर्गे विजय को अपराध शाखा ने तडके मुनक नहर के पास सेक्टर-३४, रोहिणी के पास एक मुठभेड़ में दोनों के पैरों में गोली मारकर दबोच लिया। जिनके कब्जे से दो पिस्टल,सात कारत. ूस,एक कारतूस का खोल और चार फायर किये गए कारतूस बरामद किये। पुलिस आरोपियों से हथियार सप्लायर और दीपक की हत्या के पीछे की दुश्मनी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बवाना में दीपक की हत्या करने के बाद गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग का हाथ होने की आशंका जाहिर की जा रही थी। एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में पुलिस टीम को दीपक की हत्या में शामिल आरोपी के मुनक नहर के पास सेक्टर-३४, रोहिणी के पास आने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। दोनों को बाइक पर आते देखकर जब उनको आत्मसमर्पण करने के लिये कहा। बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। बदमाशों की गोलियों से पुलिस टीम बाल बाल बची। दोनों आरो. पियों ने पुलिस टीम पर पांच राउंड गोलियां चलाई। आत्मरक्षा में बदमाशों को रोकने के लिये फायरिंग करते हुए दोनों के पैरों में गोली मारकर दबोच लिया गया।

# झमाझम बारिश ने दी उमस भरी गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार दोपहर अचानक मौसम बदल गया। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज और गाजीपुर इलाके में झमाझम बारिश हुई है। वहीं एनसीआर के आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की हवा भी चल रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली में पहले ही अलर्ट जारी किया हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई हो रही है। कन्हैया नगर में भी दोपहर को झमाझम बारिश से मौसम पूरी तरह से बदल गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। बीते बृहस्पतिवार को दिल्ली में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई। दिनभर आंशिक रूप से छाए बादलों के बीच तीखी धूप भी निकली रही। मौसम विभाग ने ५ जुलाई को बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, ६, ७, ८ और ९ जुलाई को दिल्ली में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। यानी पूरे हफ्ते बादलों के आने-जाने का सिलसिला बरक. रार रहेगा। ६, ७, ८ और ९ जुलाई को दिल्ली में विभिन्न इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें देखी जा सकती हैं।

# महिला के खिलाफ झूठी कहानी गढ़ने के लिए मामला चलाने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने दुष्कर्म के एक आरोपी को बरी कर दिया है। साथ ही, उसके खिलाफ झूठी कहानी गढ़ने के लिए मामला चलाने का आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनुज अग्रवाल ने दिल्ली पुलिस आयुक्त से मामले की जांच करने और कार्रवाई करने को कहा है। २ जुलाई को अपने आदेश में अदालत ने अमे. रिकी आपराधिक बचाव वकील के हवाले से कहा कि अदालत में सच्चाई अक्सर प्रक्रिया में खो जाती है। शपथ का उद्देश्य इसकी रक्षा करना है, लेकिन लोग झूठ बोलते हैं, यहां तक कि भगवान के अधीन भी।

न्यायाधीश ने कहा कि दुष्कर्म के झूठे आरोपों से न केवल लंबित मामलों पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि वास्तविक दुष्कर्म पीड़ितों के साथ भी घोर अन्याय होता है। अदालत ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने महिला के साथ मिलकर आरोपी से पैसे ऐंठने की घटना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उस व्यक्ति पर दुष्कर्म, महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और उसके कपड़े उतारने के इरादे से उस पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया। उस पर वैवाहिक पोर्टल के जरिए महिला से मिलने के बाद अलग-अलग तारीखों पर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-28-2025 | दिनांक 21.07.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AG Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस), कुरूक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), दिल्ली (द्वितीय प्रवेश) KG Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरूक्षेत्र (Site-1), कुरूक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर), शामली (PRS), कुरूक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), राबोली हाल्ट – कुल 16 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ | |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएरा, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |
|---|---|

संख्या: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 04.07.2025 2023/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## डीयू : तीन वर्ष की पढ़ाई पूरी कर डिग्री के साथ पाठ्यक्रम से निकल सकते हैं छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-२०२० के तहत वर्ष २०२२ में लागू किए गए चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम से इस साल छात्र तीन वर्ष पूरे कर चुके हैं। छात्र चाहें तो स्नातक डिग्री के साथ बाहर निकल सकते हैं। डीयू ने छात्रों को तीन साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद यह विकल्प दिया है। डीयू के कुलसचिव की ओर से इस संबंध में बृहस्पतिवार को एक अधिसूचना भी जारी की गई है।

इस तरह से छात्रों ने भले ही चार साल के पाठ्यक्रम में दाखिला लिया, लेकिन इस साल उनके तीन साल पूरे हो गए हैं और वे बिना चौथे वर्ष की पढ़ाई के स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। डीयू में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के तहत बहु-विषयों प्रोग्राम में पढ़ाई करने वाले छात्रों को सामान्य स्नातक की डिग्री और एक ही विषय आधारित पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने वाले छात्रों को ऑनर्स डिग्री दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि ऑनर्स की डिग्री प्राप्त करने के लिए उन्हें चौथे वर्ष की पढ़ाई पूरी करनी होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि जो छात्र तीसरे साल की पढ़ाई पूरी कर बाहर निकलने के इच्छुक हैं उन्हें यूनिवर्सिटी के पोर्टल सब.नवक.ब.पद पर लॉगइन कर अपनी सहमति देनी होगी और आवेदन करना होगा। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

# अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी के दावों को किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले की सुनवाई के दौरान राउज एवेन्यू कोर्ट में सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने ईडी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग नहीं बल्कि महज एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) के स्वामित्व का मामला है। सिंघवी ने दलील दी, मान लीजिए कि यंग इंडियन एजेएल की १०० प्रतिशत मालिक है, तो भी यह पूरी तरह से एक स्वामित्व का मामला है, मनी लॉन्ड्रिंग कैसे हो गया?

उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट कयासों और काल्पनिक स्थितियों पर आधारित है, जो कानूनन स्वीकार्य नहीं है। सिंघवी ने दलील दी कि आप एक काल्पनिक और अटकलों पर आधारित मामला नहीं बना सकते। यह संस्था ६५ से अधिक वर्षों से काम कर रही है। इतने लंबे समय के बाद इसे मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं कहा जा सकता। सिंघवी ने यह भी सवाल उठाया कि ईडी ने २०१० से लेकर २०२१ तक इस मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? आखिर ११ साल तक क्या किया गया? उन्होंने कहा कि एजेंसी ने बिना किसी स्पष्ट कारण के ११ साल की चुप्पी के बाद अचानक सक्रियता दिखाई है, जो जांच की मंशा पर सवाल खड़े करती है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह मामला अभूतपूर्व और अजीब है, जिसमें न कोई पैसे का लेन-देन हुआ, न संपत्ति का स्थानांतरण। ईडी ने २०१० से २०२१ तक ११ वर्षों तक कुछ नहीं किया, और अब अचानक जाग गई है। उन्होंने ईडी की जांच को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताते हुए कहा कि यह पूरा मामला सिर्फ एक स्वामित्व विवाद है, जिसे मनी लॉन्ड्रिंग का जामा पहनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मनी लॉन्ड्रिंग केस है जिसमें न कोई धनराशि दी, न कोई संपत्ति ट्रांसफर हुई, न ही किसी लाभ का उपयोग हुआ।

सिंघवी ने बताया कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के पास देशभर में वर्षों से संपत्तियां हैं, लेकिन इनमें से किसी की भी मालिकाना स्थिति नहीं बदली है। उन्होंने यह भी कहा कि एजेएल और यंग इंडियन दोनों ही गैर-लाभकारी संस्थाएं हैं, जहां लाभांश बांटना या निजी मुनाफा लेना संभव नहीं है। नेशनल हेराल्ड का कांग्रेस से जुड़ा होना कोई गलत बात नहीं, यह पार्टी की विरासत का हिस्सा है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यंग इंडियन को सिर्फ एक वित्तीय माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया गया था।

# भाजपा के झंडे वाली फॉर्च्यूनर से मिले अवैध तमंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत एक हाई-प्रोफाइल फॉर्च्यूनर कार को रोका। इस कार में बैठे, खुद को भाजपा नेता बताने वाले दो कथित व्यक्तियों से अवैध हथियार बरामद कर पूरे जनपद में सनसनी फैला दी गई।



यह घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। थाना प्रभारी नीरज कुमार चेकिंग कर रहे थे, तभी भाजपा का झंडा लगी एक फॉर्च्यूनर कार तेज रफ्तार में रौब दिखाते हुए पहुंची। कार को रोकने पर उसमें दो सफेदपोश व्यक्ति बैठे मिले, जिन्होंने खुद को भाजपा नेता बताया और पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश की। लेकिन नीरज कुमार किसी के दबाव में आने वाले नहीं थे। उन्होंने न केवल कार की तलाशी ली, बल्कि दोनों को नीचे उतारकर कड़ाई से पूछताछ भी की। तलाशी में कार से दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद हुए। इसके बाद दोनों की बोलती बंद हो गई और उनकी नेता वाली हेकड़ी हवा हो गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने लाया और विधिवत पूछताछ शुरू कर दी। यह मामला सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। इसके तुरंत बाद भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने साफ किया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों का भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कार पर झंडा लगाने की जांच कराने की बात भी कही। जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पीड़ित राहुल शर्मा नामक मोबाइल दुकानदार ने आरोप लगाया कि अभियुक्त संजीव यादव ने उनसे डेढ़ लाख रुपये का मोबाइल फोन सिर्फ एक हजार रुपये में लिया था और बाकी पैसे बाद में देने की बात कही थी, लेकिन बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने जब थाना प्रभारी नीरज कुमार से शिकायत की, तब इस मामले पर कार्रवाई की पूरी कहानी शुरू हुई। गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना भी रसूख वाला क्यों न हो।

# पांच की मौत के मामले में कैंटर चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने कैंटर की चपेट में आने से 4 बच्चों समेत 5 की मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपी कैंटर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रफीकनगर, मजीदपुरा निवासी दानिश अपनी दो बेटियों, भतीजे और पड़ोसी की बेटी को लेकर मुरशदपुर स्थित एक स्विमिंग पूल में नहाने गए थे। देर शाम जब वह सभी एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी बुलंदशहर-हापुड़ रोड हाइवे पर पड़ाव के पास उनकी बाइक एक तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आ गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दानिश और चारों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत घायलों को हापुड़ के देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया था जहाँ चिकित्सकों ने सभी पांचों को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने कैंटर को अपने कब्जे में ले लिया था और पुलिस आरोपी कैंटर चालक की तलाश में जुट गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने संबंधित मामले में फरार चल रहे आरोपी कैंटर चालक सुनील कुमार पुत्र प्रेमपाल निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना कोतवाली हाथरस जनपद हाथरस को सोना फ्लाईओवर के ऊपर से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



# कांग्रेस फ्रंटल संगठनों को मजबूत करने की कवायद तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांग्रेस पार्टी अपने फ्रंटल संगठनों को फिर से सक्रिय करने के लिए कमर कस रही है। जिला कोऑर्डिनेटर पौरुष शर्मा दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पहुंचे, जहाँ जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने उन्हें कांग्रेस के 10 फ्रंटल संगठनों के प्रस्तावित जिलाध्यक्षों और चेयरमैन की सूची सौंपी।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए ऊर्जावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इसी आधार पर जिला कांग्रेस कमेटी ने फ्रंटल संगठनों को दोबारा खड़ा करने का प्रयास किया है। जिला कोऑर्डिनेटर पौरुष शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों में नई जान फूंकने के लिए कर्मठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता ही पार्टी को एक नई दिशा देने का काम करेंगे। इस दौरान सैय्यद मुनीर अकबर, बसंत पंडित, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, कपिल शर्मा, पंडित पंकज चौधरी, रजत त्यागी, गोपाल भारती, महबूब सहित कई अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी प्रवीण पुत्र धर्म सिंह निवासी नया गांव अहमद पुर थाना पिलखुआ जनपद हापुड व हाल निवासी चन्द्र लोक कॉलोनी थाना हापुड नगर जपनद हापुड को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### चाकू रखने के दोषी को न्यायालय ने सुनाई सज़ा, लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी गुरदीप द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के सम्बन्ध में थाना बाबूगढ़ पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय द्वारा गुरदीप पुत्र ऐशपाल निवासी ग्राम अटूटा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 3 माह 7 दिवस व 2,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

### चोरी के 22 साल पुराने मामले में न्यायालय का फैसला, 3 दोषियों को सुनाई गई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चोरी के 22 साल पुराने मामले में न्यायलय ने साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर 3 दोषीयों को सज़ा सुनाई है साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2003 में आरोपी अकबर, मुस्तफा व सतीश द्वारा चोरी करने के मामले में थाना हापुड देहात पर चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपीयों को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा चोरी के मामले में अकबर पुत्र समशाद, मुस्तफा उर्फ नौजवान पुत्र आफताब निवासी मौहल्ला बडबालियान कस्बा व थाना किठौर जनपद मेरठ और सतीश पुत्र जयकरण निवासी ग्राम दौताई थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गयी अवधि 2 माह 11 दिवस व 6,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दोषी को न्यायालय ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में शुक्रवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है साथ ही जुर्माना भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2022 में आरोपी गंगाशरण द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करना पाया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले गंगाशरण पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम सलारपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ को दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई अवधि 1 दिवस व 1,500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# जीएस मेडिकल कॉलेज में मनाया गया डॉक्टर्स डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में जीएस विश्वविद्यालय के कुलपति डा. यतीश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने इस सप्ताह को डॉक्टरों के सम्मान में मनाने की बात कही और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक वर्ष जुलाई का पहला सप्ताह डॉक्टरों को समर्पित किया जाना चाहिए।



डा. अग्रवाल ने इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के प्रथम मुख्यमंत्री डा. बिधान चंद्र राय को याद किया, जिनकी स्मृति में पूरे भारत में यह दिवस मनाया जाता है। जीएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की चिकित्सा निदेशक डा. रूपाली शर्मा ने पिछले वर्ष डॉक्टरों द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान समुदाय की सेवा में डॉक्टरों की भूमिका की विशेष रूप से प्रशंसा की। इस गौरवपूर्ण और एकता भरे क्षण में डॉ. प्रदीप गर्ग डीन, डा. एस. कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मनोज शिशोदिया, अंकित विज उपनिदेशक, सुमित सिंह रजिस्ट्रार, संजीवनी, रमनदीप कौर, अन्य संकाय सदस्यों और विभागाध्यक्षों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

# नशे में वाहन चलाने के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि के मद्देनजर पुलिस ने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है।

कोतवाली प्रभारी टीएसआई कामेश ने बताया कि शहर के विभिन्न चौकियों पर चेकिंग अभियान चलाकर नशे में धुत चालकों की पहचान की गई। जांच में दो चालकों के रक्त में शराब की मात्रा पुष्ट होने पर उनके खिलाफ चालान काटा गया और लाइसेंस निलंबित किया गया।

टीएसआई कामेश ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा लापरवाह चालकों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशे में वाहन न चलाएं, क्योंकि यह कानूनन अपराध होने के साथ-साथ दूसरों की जान के लिए भी खतरनाक है। पुलिस की टीमों द्वारा नियमित निगरानी जारी है।



# कलयुग में भागवत कथा के श्रवण से होते पाप नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोसीकलां।** श्री नारायण दास भक्तमाली आश्रम, काली मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक नरहरि शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती।

जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है।

इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने व्यास पूजन किया। राजेश अग्रवाल, नेमचंद गर्ग, जगदीश प्रसाद, बृजेश कुमार, चिराग वीर, डॉ. जगदीश अग्रवाल, डॉ राकेश कुमार, ठाकुर हुकम सिंह, आदित्य आदि थे।

# भारतीय ज्योतिष कर्मकांड ने चलाया एक राशि एक पौधा एक नक्षत्र अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा ने पर्यावरण संरक्षण और ज्योतिषीय लाभ को जोड़ते हुए एक अनूठा अभियान एक राशि एक पौधा एक नक्षत्र एक पौधा शुरू किया है। इस पहल के तहत, महासभा के पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी राशि के अनुसार पौधे लगाए। महासभा के अध्यक्ष, पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने इस अवसर पर जोर दिया कि पौधारोपण का असली उद्देश्य तभी पूरा होगा जब पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि महासभा लगाए गए पौधों की देखभाल भी सुनिश्चित करती है। इस अभियान का दोहरा लक्ष्य है। पर्यावरण सुरक्षा और व्यक्तियों की कुंडली में ग्रहों को सकारात्मक बनाना। महासभा के विद्वान नि:शुल्क ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। जिसमें वे लोगों को अपनी राशि और नक्षत्र के अनुसार पौधे लगाने के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य आम जनता को इस कार्य से जोड़कर जागरूकता फैलाना है। महासभा के उपाध्यक्ष, पंडित गौरव कौशिक ने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे बारिश के मौसम में महासभा द्वारा अनेक स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इस पौधारोपण कार्यक्रम में मंत्री पंडित देवी प्रसाद तिवारी, महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, मीडिया प्रभारी पंडित सर्वेश तिवारी, पंडित राहुल शर्मा, पंडित रविशंकर शुक्ला, पंडित जगदम्बा शर्मा और अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



# पति की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी पकड़े



**कोसीकलां।** गांव ऐंच में पति की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी और प्रेमी को पकड़कर चालान कर दिया। आरोपी के कब्जे से धारदार बांक, रक्त रंजित टी शर्ट व एक एन्ड्रायड मोबाइल बरामद किया है। गांव ऐंच में मंगलवार की रात को एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मृतक के गले पर धारदार हथियार से कई बार प्रहार के निशान थे। मृतक की पहचान गांव के ही गोविंद (27) के रूप में हुई। गोविंद की पत्नी के गांव के ही रहने वाले गुंजार नामक युवक के अवैध संबंध थे। भाई ने पत्नी को गुंजार के साथ आपत्तिजनक हालत में भी देख लिया था। इसको लेकर दोनों के बीच झगड़ा भी हुआ। इसकी जानकारी जब गुंजार को लगी तो उसने भाई को जान से मारने की धमकी भी दी, लेकिन गोविंद ने पत्नी के घर से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी। इससे नाराज होकर गुंजार ने धारदार हथियार से उसके भाई की हत्या कर दी। एसपी ग्रामीण सुरेशचंद रावत ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार निर्वाल की टीम ने गांव चौडरस के समीप से गुंजार उर्फ गुलजार तथा आरोपी पत्नी को गांव से पकड़कर चालान कर दिया। आरोपी गुंजार उर्फ गुलजार उर्फ भोले ने पूछताछ में बताया कि गांव के गोविंद की पत्नी के साथ काफी दिनों से प्रेम संबंध थे। जिसके बारे मे गोविंद को पता चल गया था। गोविंद को रास्ते से हटाने के लिए उसकी पत्नी के कहने पर मौका पाकर धारदार बांक से हत्या कर दी थी।

# जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के कार्यकर्ताओं ने किया बैठक का आयोजन



**जेवर।** नगर स्थित जैद मस्जिद परिसर में देश की आजादी में बढ़-चढ़ कर अहम किरदार निभाने वाले संगठन जमीअत उलेमा ए हिन्द के कारकुनान (कार्यकर्ताओं) ने एक बैठक का आयोजन कर समाज में फैली बुराईयों को दूर किए जाने का अहावाहन किया गया। बैठक का आगाज कारी अली मौहम्मद द्वारा कलाम पाक की सूरत की तिलावत ध्कर किया गया। जैद मस्जिद में आयोजित जमीअत उलेमा-ए-हिन्द की बैठक को सम्बोधित करते हुए जमीअत उलेमा ए हिन्द के जिला स्तरीय जिम्मेदार मौलाना मुफ्ती मौहम्मद हसन साहब ने कहा कि समाज के समझदार वुद्धिजीवी लोगों को आगे आकर समाज में फैली बुराईयों को दूर करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। तथा समाज के बच्चों में ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाने की अलख जगाने का कार्य किया जाना चाहिए उन्होंने कहा कि जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के कार्यकर्ताओं द्वारा देश में घटित आपदाओं से पीड़ित लोगों की लगातर सेवा सहायता इमदाद बिना किसी दीन धर्म के भेद-भाव के करने का कार्य किया जाता है। इसके अलावा जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के कार्यकर्ताओं द्वारा समाज में पैदा हुई गलत रस्म-ओ-रिवाज जैसी खुराफात को समाप्त किए जाने भारपूर कोशिश की जा रही हैं। मौलान मृफ्ती मौहम्मद हसन कासमी साहब ने नोजवानों से अपील करते हुए कहा कि वह दीनी व सामाजिक सेवाओं की भागीदारी में हिस्सा लेने के लिए जमीअत उलेमा-ए-हिन्द जैसी समाजसेवी संस्था के साथ ज्यादा से ज्यादा भाग लें और कांधे से कांधा मिलाकर चलते हुए उक्त संस्था के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाने का कार्य करना चाहिए। हम सबका यही अखलाकी फरीजा है और यही वक्त की जरूरत है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के सीनियर कनवीनर व सदस्य मौलाना मोहम्मद असजद कासमी साहब ने कहा कि मदरसों की हिफाजत करना जमीअत उलेमा-ए-हिन्द की सबसे बड़ी और अहम जिम्मेदारी है। बैठक को मौलाना मुफ्ती जामा मस्जिद के इमाम खतीब मौलाना मुफ्ती मौहम्मद नासिर मौलाना मोहम्मद शुऐब कासमी साहब जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के केन्द्रीय कन्वीनर मौलाना मौहम्मद आबिद कासमी साहब आदि रहे।

# दो ट्रक टकराए एक की मौत

**कोसीकलां।** आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवन कट के समीप दो ट्रक आपस में टकरा गए। जिससे एक ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई । मृतक की घशिनाख्त नही हो सकी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे राजमार्ग पर एक ट्रक कोटवन कट की ओर से मुड रहा था, तभी दिल्ली की ओर से आते ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक ट्रक के चालक, परिचालक घायल हो गए। जबकि दूसरे ट्रक के चालक की मौत हो गई। मृतक की घशिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ट्रक में मिले कागजातो के आधार पर घशिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

# औद्योगिक विकास मंत्री ने गौतमबुद्धनगर का किया दौरा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी दो दिनों के लिए गौतम बुद्ध नगर पहुंचे हुए हैं और यहां पर उन्होंने शुक्रवार नोएडा प्राधिकरण में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद वह ग्रेटर नोएडा जाएंगे और शनिवार को यमुना अथॉरिटी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

शुक्रवार को उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की. यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली, जिसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। मंत्री नंदी ने कहा कि बीते आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने खुद को एक 'उत्तम प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है, और अब राज्य को 'सर्वोत्तम प्रदेश' बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

**पूर्ववर्ती सरकारों पर मंत्री नंदी ने किया तीखा हमला:** उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि चाहे वह मायावती की सरकार हो या समाजवादी पार्टी की, उन सरकारों में सिर्फ 'पर्ची' और 'खर्ची' का ही खेल चलता था. विकास के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ। लेकिन अब कानून का राज है, कोई भी कानून को हाथ में लेगा या भ्रष्टाचार करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

मंत्री ने नोएडा को प्रदेश का 'मुकुट' करार देते हुए कहा कि जैसे भारत का मुकुट कश्मीर है, वैसे ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र उत्तर प्रदेश का मुकुट हैं। उन्होंने बताया कि यहां देश के कई बड़े उद्योग समूह काम कर रहे हैं और यहां पर लगातार निवेश आ रहा है। बैठक में मंत्री ने सड़क, नाली, हॉर्टिकल्चर, पार्क और लैंड बैंक से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कैसे उद्योगों को और बेहतर सुविधाएं दी जाएं, कैसे ऑनलाइन नक्शे पास किए जाएं और कैसे प्रशासन और आर्किटेक्ट्स के बीच बेहतर समन्वय हो, इन सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

**उत्तर प्रदेश अब वैश्विक पहचान बना चुका:** इसके साथ ही मंत्री ने इंटरनेशनल ट्रेड शो का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब वैश्विक पहचान बना चुका है। "इस ट्रेड शो में दुनिया भर से बायर्स आते हैं और अब हमें 2027-28 तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। ओडीओपी योजना ने उत्तर प्रदेश को दुनिया के नक्शे पर अलग पहचान दिलाई है।मंत्री ने दिल्ली से नोएडा की एंट्री को और सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बिल्डर-बायर्स के लंबित भुगतान और रजिस्ट्रियों के मसलों को भी प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भूखंड आवंटन के बाद उद्योग न शुरू करने वालों की जांच होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होने के बाद भी उद्योग न लगाने वाले आवंटियों की जांच होगी। इसके लिए प्राधिकरण ने आवंटियों को नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है। इन आवंटियों से निर्माण में देरी का कारण पूछा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि शहर में उद्योग लगाने के लिए सेक्टर-24, 24ए, 30, 32, 33 में करीब 3082 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है।

सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क में 89 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका, इनमें से 64 आवंटियों को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी, जबकि 46 लीजडीड भी करा चुके हैं। मात्र सात कंपनियों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी तरह से अपैरल पार्क में 81 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, जिनमें से 65 की चेकलिस्ट जारी हो चुकी, 63 लीजडीड करा चुके हैं। 47 आवंटियों को भौतिक रूप से भूखंडों पर कब्जा भी दे दिया गया है। इसके बावजूद मौके पर सात कंपनियों का ही काम शुरू हो पाया है। अन्य औद्योगिक क्लस्टर में भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। प्राधिकरण अब सभी औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों को नोटिस जारी कर उनसे निर्माण शुरू न कर पाने का कारण पूछेगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आवंटियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। मुनाफे के लिए भूखंड खरीद रहे आवंटी प्राधिकरण की पूर्व में हुई एक जांच में सामने आया था कि आवंटी मुनाफा कमाने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में भूखंड खरीद रहे हैं। अपैरल पार्क में ऐसे में 14 भूखंडों की खरीद-फरोख्त की सूचना मिली। हालांकि, अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। प्राधिकरण की ओर से जिला प्रशासन से भी एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी, विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी समेत खरीद-फरोख्त से जुड़ी सभी प्रकार की सूचना मांगी है।

# आवंटियों के आवेदनों को तय समय में हल करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: नंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आवंटियों की तरफ से आने वाले आवेदनों/शिकायतों को तय समय में निस्तारित करें। उनको रोककर न रखें। अगर इस तरह की शिकायत मिली तो लापरवाही करने वाले स्टाफ को बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने यह निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में शाम चार बजे से शुरू हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने विभागवार समीक्षा की। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने मंत्री के समक्ष ग्रेटर नोएडा के विकास से जुड़ी परियोजनाओं, वित्तीय स्थिति व अतिक्रमण, फ्लैट बायर्स मसले आदि पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में चल रहे विकास कार्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। कार्मिक विभाग की समीक्षा के दौरान सीईओ ने मंत्री के समक्ष स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया, जिस पर औद्योगिक विकास मंत्री ने स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए प्रतिनियुक्ति पर तैनाती का आश्वासन दिया।

औद्योगिक विकास मंत्री ने ग्रेटर नोएडा को और सुंदर शहर बनाने के लिए ग्रीनरी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कंटीले तारों को हटाकर सुंदर ग्रिल लगाने को कहा है। एक बराबर से पेड़ों की छंटाई करा दी जाए। उन्होंने सेक्टरों के मेनटेनेंस कार्य में लापरवाही करने वाले कॉन्ट्रैक्टरों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

यहां के निवासियों से फीडबैक लेने के लिए बोर्ड लगाकर कॉन्ट्रैक्ट नंबर लिखने को कहा है। औद्योगिक विकास मंत्री ने प्राधिकरण की जमीन पर अतिक्रमण करने वालों से सख्ती से निपटने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीईओ के अलावा एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ सुमित यादव, ओएसडी ओएसडी गुंजा सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी एनके सिंह, महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा, महाप्रबंधक परियोजना लीनू सहगल, ओएसडी राम नयन सिंह आदि मौजूद रहे।

## लॉकर तोड़कर नकदी-गहने चुराए

**नोएडा।** सेक्टर-31 स्थित मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे से बदमाश 80 हजार रुपये की नगदी और गहने चोरी कर फरार हो गए। अलमारी का लॉक तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 थाने की पुलिस से की है। शिकायत में सी ब्लॉक निवासी श्वेताभ कौशिक ने बताया कि 24 जून की रात में उनके मकान की पहली मंजिल के कमरे में चोरी हो गई। सुबह जब शिकायतकर्ता उठा तो अंदर का सामान बिखरा हुआ था। तलाशी के दौरान पता चला कि आलमारी में रखी नगदी और गहने गायब हैं। मकान के पीछे ग्रिल काटकर चोर अंदर घुसे थे।

## एक नजर

### धमकी देकर निकाह का बनाया दबाव सोशल मीडिया पर फोटो किए वायरल

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना फेस-2 पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जो एक युवती को डरा-धमकाकर जबरन निकाह करने के लिए मजबूर कर रहा था। आरोपी पर युवती की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का भी आरोप है।

पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी आजिम उर्फ नाजिम, पुत्र मौ. कलामुद्दीन, निवासी ग्राम सिंघा खुर्द, थाना सिगांही, जनपद लखीमपुर खीरी को बस स्टैण्ड, फेस-2 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। वह वर्तमान में बाल विद्या इंटर कॉलेज के पास, हल्दोनी, थाना ईकोटेक-3, नोएडा में रह रहा था।आरोपी के खिलाफ थाना फेस-2 में मुकदमा बीएनएस, एवं आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को धमकाकर शादी करने का दबाव बनाया और उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया जारी है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### महिला का कीमती बैग ऑटो में छूटा, नोएडा पुलिस ने कुछ ही घंटों में ढूंढकर लौटाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पुलिस की सतर्कता और साइबर तकनीक की मदद से आज एक महिला का महत्वपूर्ण दस्तावेजों और सामान से भरा बैग सकुशल वापस किया गया। यह घटना सेक्टर-52 स्थित पिंक बूथ पर दर्ज की गई, जहां महिला ने बताया कि उसका बैग ऑटो में छूट गया है।

महिला सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन से गौर सिटी की ओर जा रही थीं, तभी सफर के दौरान उनका बैग, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज, रुपए और ।ज्ड कार्ड मौजूद थे, ऑटो में छूट गया। परेशान महिला ने तुरंत पिंक बूथ पर मौजूद उप निरीक्षक नूरद्दीन को घटना की जानकारी दी और ऑटो चालक को किए गए किराए के डिजिटल भुगतान की जानकारी साझा की।

**सूचना मिलते ही कार्यवाही:** सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-49 पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए साइबर हेल्पडेस्क की मदद ली। कंप्यूटर ऑपरेटर धर्मेन्द्र कुमार सिंह और आरक्षी अतुल कुमार ने यूपीआई लेन-देन के आधार पर ऑटो चालक की पहचान की और उससे संपर्क कर बैग बरामद किया। जांच में पाया गया कि बैग की सभी सामग्री सुरक्षित थी।

इसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-3) ट्विंकल जैन द्वारा महिला को उसका बैग सौंपा गया। महिला ने नोएडा पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### केंद्रीय मंत्री फरीदाबाद-नोएडा एयरपोर्ट का करेंगे निरीक्षण

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए बनाए गए लिंक एक्सप्रेस वे का निरीक्षण करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आठ जून को आएंगे। निरीक्षण के अलावा केंद्रीय मंत्री वहां पौधारोपण भी करेंगे। कार्यक्रम के लिए तैयारी शुरू हो गई हैं।

नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली मुंबई एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के लिए फरीदाबाद के बल्लभगढ़ से एयरपोर्ट के बीच 31 किमी लंबा एक्सप्रेस वे बनाया गया है। इसके साथ ही यमुना एक्सप्रेस वे से कनेक्टिविटी के लिए इंटरचेंज बनाया गया है। एक्सप्रेस वे व इंटरचेंज का निर्माण एनएचएआइ ने किया है।लिंक एक्सप्रेस वे के जरिये फरीदाबाद समेत हरियाणा के जिलों से सीधे एयरपोर्ट पहुंचा जा सकता है। अभी एक्सप्रेस वे पर वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई है। एयरपोर्ट शुरू होने के साथ ही वाहनों के लिए लिंक एक्सप्रेस वे को भी खोल दिया जाएगा।

# हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर दंपति से 1.87 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ठगों ने केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग करने के नाम पर दंपति से एक लाख 87 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित जब देहरादून पहुंचे, तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद दंपति की ओर से सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया गया। कुशलराज और पल्लवी दोनों पति-पत्नी हैं और लंबे समय से सेक्टर-21 में रह रहे हैं। उन्होंने मई में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर जाने की योजना बनाई। योजना के अनुसार दोनों ने हेलीकॉप्टर बुकिंग का विकल्प चुना। कुशलराज ने हेलीकॉप्टर की बुकिंग के लिए 26 मई को गूगल से बुकिंग करने वाली एजेंसी का नंबर निकाला।




यहां से वह अभिषेक शर्मा के संपर्क में आए। अभिषेक ने खुद को हिमालयन हेली सर्विसेज का कर्मी बताकर दंपति को झांसे में लिया। दंपति को विश्वास दिलाया जा सके, इसके लिए उसने कंपनी का जीएसटी नंबर और कर्मचारी पहचानपत्र भी दिया। दंपति ने हेलीकॉप्टर से आने-जाने समेत इंश्योरेंस और होटल चार्ज जोड़कर 1.87 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। जब वह 13 जून को देहरादून पहुंचे तो होटल में बुकिंग नहीं मिली। संपर्क करने पर अभिषेक का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। इससे पीड़ित को अपने साथ ठगी होने का अहसास हुआ। उन्होंने यात्रा पूरी करने के बाद नोएडा सेक्टर-20 थाना पुलिस से शिकायत की। शिकायतकर्ता का कहना है कि अभिषेक का फोन नंबर अब भी बंद आ रहा है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि उसने अपना नाम पीड़ित को गलत बताया है। मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बुकिंग और ट्रांजेक्शन संबंधी सभी दस्तावेज पीड़ित ने पुलिस उपलब्ध कराए हैं।

# दलित प्रेरणा स्थल में तैनात पीएसी के सिपाहियों से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल में बुधवार देर रात चोरी की नियत से घुसे चार लोगों ने सुरक्षा में तैनात पीएसी के दो सिपाहियों के साथ मारपीट की। मामले की सूचना पर पहुंची फेज-1 थाना पुलिस ने घायल सिपाहियों को एंबुलेंस के जरिये अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीएसी के प्लाटून कमांडर जगबीर सिंह ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि उत्तर प्रदेश विशेष परिक्षेत्र सुरक्षा वाहिनी लखनऊ की बटालियन सेक्टर-95 स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल की निगरानी में तैनात है। कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल रामकिशन की ड्यूटी बुधवार रात में थी।

दोनों रात एक से सुबह नौ बजे तक तैनात थे। आरोप है कि देर रात करीब दो बजे चार लोग दलित प्रेरणा स्थल में किसी तरह घुस आए। सुरक्षा की वजह से दोनों कांस्टेबल उन्हें बाहर जाने के लिए कहने लगे। इस पर आरोपी कहासुनी करने लगे। सिपाहियों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना में दोनों को गंभीर चोट आईं। सभी आरोपी चोरी की नियत से घुसे थे। पुलिस ने घायल सिपाहियों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# साल के अंत तक लोगों को मिल जाएगी 25 करोड़ की सौगात

- 16 सेक्टर व गांव में तैयार हो रहा सामुदायिक केंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर के 16 सेक्ष्टर व गांव के लोगों को सामुदायिक केंद्र की सौगात दी है। 12 स्ष्थानों पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण चल रहा है जबकि 4 स्ष्थानों पर निर्माण कार्य जल्ष्द शुरू हो जाएगा। कुछ स्ष्थानों पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में भी है। सभी के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपए का खर्चा आ रहा है। दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सभी सामुदायिक केंद्र तैयार हो जाएंगे। सामुदायिक केंद्र बनने से हजारों लोगों को शादी, पार्टी व कार्यक्रम आयोजन में सुविधा होगी।

16 सेक्टरों व गांवों में सामुदायिक केंद्र बनाए जा रहे हैं। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि सामुदायिक केंद्र सेक्टर ओमीक्रान वन ए, ज्यू वन, ज्यू टू, ज्यू थ्री, ईटा वन, जीटा वन, डेल्टा थ्री, सेक्टर 37, सेक्टर 36, पाई वन, स्वर्णनगरी और चिपियाना बुजुर्ग में बन रहे हैं।

जबकि सेक्टर-3, सिरसा, डाढ़ा और लुक्सर में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा। सभी सामुदायिक केंद्र दो मंजिला बन रहे हैं। ग्राउंड तल पर लॉबी पार्टी हॉल, किचन, स्टोर, एक रूम और लेडीज व जेंट्स ट्वॉयलेट और प्रथम तल पर लॉबी, लाइब्रेरी और लेडीज व जेंट्स ट्वॉयलेट की सुविधा होगी। हर सामुदायिक केंद्र में लगभग 50 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था होगी।

## यथार्थ अस्पताल ने पैसे किए वापस लेकिन टूटा मरीज का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यथार्थ अस्पताल प्रबंधन ने बिना जांच किए ही मरीज से लगभग 23 हजार रुपए अवैध रूप से वसूल लिए थे। पीडिघ्त के साथ अस्पताल जाकर लोगों ने विरोध दर्ज कराया था। मामले में अस्पताल प्रबंधन ने अपनी गलती को स्वीकार किया था। मरीज के साथ यथार्थ अस्पताल में हुए फर्जीवाड़े की खबर को द न्यूज गली ने प्रमुखता के साथ चलाया था। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और मरीज से संपर्क कर फर्जी रूप से वसूला गया पूरा पैसा ऑनलाइन उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया।

शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर म्यू 2 में रहने वाले विपिन कुमार की आँखों मे दिक्कत थी। जाँच करवाने के लिए यथार्थ अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों ने 28 जून को यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और 2 दिन रखने के बाद 1 जुलाई को डिस्चार्ज कर डेढ़ लाख रुपये का बिल बना दिया।

अस्पताल का डेढ़ लाख रुपये बिल भुगतान मरीज घर आ गया। लेकिन जब जाँच रिपोर्ट और अन्य चीजों का खर्चा जोड़ा तो संदेह हुआ उन्होंने सैक्टर के तँ। अध्यक्ष धर्मेंद्र राठी पूरी बात बताई। धर्मेंद्र राठी ने विपिन कुमार लेकर अस्पताल में इसकी शिकायत की। अस्पताल में एक जांच का लगभग 23 हजार रुपए वसूला गया था। लोगों ने उसकी जांच रिपोर्ट मांग ली थी। अस्पताल प्रबंधन जांच की रिपोर्ट नहीं दिखा सका था।

## 15 साल से बैकलीज का इंतजार कर रहे किसानों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लगभग 15 वर्षों से इंतजार कर रहे बैकलीज के 151 प्रकरणों से जुड़े किसानों के लिए यह राहत की खबर है। एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब शासन से जल्दी निर्णय की उम्मीद है।

दरअसल, 2007-08 से 2011-12 के बीच जमीन अधिग्रहण के दौरान 2192 किसानों के लिए आबादी की बैकलीज की गई, लेकिन आबादी की बैकलीज में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर शासन स्तर से यमुना प्राधिकरण के पूर्व सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई, जिसमें शासनादेश के मुताबिक 151 प्रकरणों को छोड़कर अन्य में कोई गड़बड़ी नहीं मिली। एसआईटी जांच में भी ये सही पाए गए। शेष बैकलीज के 151 प्रकरणों के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग की तरफ से एसआईटी के समक्ष किसानों के बैक लीज से जुड़े साक्ष्य पुख्ता तरीके से रखे गए। एसआईटी ने बैकलीज के कुछ प्रकरणों का मौके पर भी जांच की। एसआईटी ने हाल ही में जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेज दी है। अब शासन से शीघ्र अनुमति मिलने की उम्मीद है। इससे लंबे समय से आबादी की बैक लीज का इंतजार कर रहे किसानों को बड़ी राहत मिल जाएगी।

## कब्जा न देने पर ब्याज समेत जमा धनराशि लौटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्लाट के पूरा पैसा लेने के बाद भी कब्जा नहीं देने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने सामिहा इंटरनेशनल बिल्डर को 6 फीसदी ब्याज समेत पूरा पैसा 30 दिन में लौटाने का आदेश दिया है। पांच हजार रुपये वाद व्यय के भी देने होंगे। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने सुनवाई की।

गाजियाबाद के लोनी निवासी रविंद्र सिंह ने सामिहा इंटरनेशनल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड की आवासीय योजना में एक प्लाट 200 वर्ग गज का 11.50 लाख रुपये में तय किया। 25 फरवरी 2008 को एग्रीमेंट हुआ। बिल्डर को 11.50 लाख रुपये का भुगतान किया। शेष 60 हजार रुपये कब्जा देने और रजिस्ट्री के दौरान देना तय हुआ। कई बार कहने के बाद बिल्डर ने प्लाट पर कब्जा नहीं दिया। कब्जा नहीं देने पर पैसा लौटाने के लिए कहा गया। बिल्डर ने नही पैसा लौटाया। जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर करके जमा पैसा दिलाने की गुहार लगाई गई।

आयोग में सुनवाई के दौरान बिल्डर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उत्तराखंड में आवासीय योजना में प्लाट बुक किया था, जो व्यवसायिक उद्देश्य के लिए लिया था। यह उपभोक्ता की श्रेणी में नहीं आता है। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद माना कि कोई भी संपत्ति व्यवसाय कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह नहीं कहा जा सकता है।

# डीएम ने चावल निर्यात बढ़ाने पर दिया जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चावल निर्यातक फर्म मैसर्स केआरबीएल लिमिटेड ग्राम अच्छेजा ग्रेटर नोएडा द्वारा वर्ष 2023-24 में किए गए चावल निर्यात में से 15660 कुंतल चावल के अभिलेख निर्धारित समय अंतर्गत प्रस्तुत नहीं किए जाने के फलस्वरुप निर्यात नीति में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत अतिरिक्त समय की मांग की गई।

जिलाधिकारी एवं इकाई के सदस्यों द्वारा चावल निर्यात को बढ़ावा देने एवं मैसर्स केआरबीएल द्वारा विगत वर्षों में किए गए कारोबार के अभिलेख जमा करने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई।

बैठक में मंडी सचिव द्वारा जनपद में प्रस्तावित कृषि आधारित क्लस्टरों की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि मंडी परिषद की ओर से किसानों को विपणन, भंडारण, और मूल्य संवर्धन में सहूलियत देने हेतु विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि "किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए कृषि क्लस्टरों के माध्यम से एकीकृत विपणन, प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन की दिशा में ठोस प्रयास जरूरी हैं। मंडी सचिव यह सुनिश्चित करें कि स्थानीय किसान उत्पादक संगठनों से सतत समन्वय बना रहे और मंडियों के माध्यम से किसानों को उचित मूल्य मिल सके।"

इस महत्वपूर्ण बैठक में उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सर्वेश मिश्रा, मंडी सचिव पंकज शर्मा, डीडीएम नाबार्ड अलका, गौतम बुद्धा ऑर्गेनिक फार्मिंग से शिव कुमार, हरनंदी कृषि उत्पादक संगठन संजय शर्मा एवं ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# जन्मदिन मनाकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिनौली के सिरसली निवासी सचिन तोमर उम्र 22 वर्ष पुत्र लोकेंदर बिनौली निवासी विशाल पुत्र ज्वेनदर तोमर, प्रिंस धामा पुत्र रविंद्र धाम 27 वर्ष आदित्य धामा उर्फ शेखर पुत्र जितेंद्र धामा बिनौली से स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर मुरथल हरियाणा में एक रेस्टोरेंट में जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए गए थे। जन्मदिन की पार्टी करने के बाद सभी दोस्त अपनी गाड़ी में सवार होकर अपने घर बिनौली वापस आ रहे थे। उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी बाहलगढ रात के समय फ्लाई ओवर पर टकराकर डिवाइडर में टक्कर मारते हुए पलट गई। पलटा ही गाड़ी में आग लग गई। इस हादसे में तीन की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका




उपचार गंभीर हालत में चल रहा है। हालत भी चिंताजनक बताई जा रही है। चारों दोस्तों को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीन को मृतक घोषित कर दिया। मरने वालों में प्रिंस धामा, आदित्य धामा, सचिन तोमर, जबकि विशाल की गंभीर है जिसका उपचार चल रहा है। मौत की खबर सुनते ही परिवारों में कोहराम मच गया। वही बिनौली क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो रो रो बुरा हाल है। हरियाणा पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है।



## पीड़ितों को मिला 3 लाख 85 हजार का मुआवजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के खेड़ा हटाना इस्लामपुर गांव में बारिश के चलते या अन्य किसी आपदा के कारण नरेश और उसके पड़ोसी का दो मंजिला मकान गिर गया था जिसमें मलबे के नीचे दबने से 9 पशुओं की मौत हो गई थी। जनपद बागपत के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस हादसे में 6 लोग घायल भी हो गए थे। हादसे की खबर सुनते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए थे। अधिका. रियों ने पीड़ित पक्ष को मुआवजा देने का भी आश्वासन दिया था। पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य खेड़ा हटाना व बागपत जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य व राष्ट्रीय लोकदल बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित चिकारा बडावद ने मौके पर जाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी के निर्देशन में मुआवजे के लिए टीम गठित की गई। पीड़ित को जिलाधिकारी के माध्यम से 3 लाख 85 हजार रुपए का मुआवजा मिल गया है। पीड़ित ने राहत की सांस ली है। जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य का कहना है कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हमारा प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। किसी के सामने जो भी समस्या होती है। उसे समस्या को उठाने का काम अधिकारियों के सामने किया जाता हैं। जिला पंचायत चुनाव के दौरान जो वादे क्षेत्र की जनता से हमने किए थे। उनको भरपूर सुविधा देने का कार्य हमारा प्रतिनिधिमंडल कर रहा है। क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।

## सेंट एंजेलेस स्कूल में वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे भारतीय जनता पार्टी के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत शहर के चमरावल रोड़ पर सेंट एंजेलेस स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा.चन्द्रमोहन ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख उसी भावना से करनी चाहिए। जैसी अपनी मां की करते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि धरती को जीवन देने वाले सच्चे रक्षक भी हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश में इस अभियान को एक जनांदोलन में बदल रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और भावनात्मक रूप से वृक्षों के प्रति लगाव पैदा करना है। जिला उपाध्यक्ष व जिला कार्यक्रम संयोजक अनिल तोमर ने कहा आज हमने पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्ष नहीं लगाए तो आने वाले वर्षों में हमें भीषण गर्मी, जल संकट और प्रदूषण जैसी समस्याओं का गंभीर सामना करना पड़ेगा।

## नलकूप की छत पर सो रहे किसान की हत्या, शव को जलाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिखेड़ा गांव में नलकूप पर सो रहे एक 60 वर्षीय किसान की अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या को छुपाने के लिए वृद्ध के शव को जलाने का भी प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही सीओ खेकड़ा चांदीनगर पुलिस मौकें पर पहुंची और जांच की उसके बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिखेड़ा निवासी 60 वर्षीय लाला पुत्र बैगराज गांव के समीप ही अपने खेतो पर बने नलकूप की छत पर बने कमरे मे रहता था। वही नीचे उसका कलेशर भी है जिससे उन्होंने ढिकोली निवासी सोहनवीर को किराये पर दे रखा है। लाला के चार भाई है। सतपाल, धर्मपाल,



जगपाल, सोनू जिसमे लाला, जगपाल और सोनू अविवाहित है। लाला पिछले तीस वर्षो से खेतो पर बने नलकूप पर ही रहता था और खाना भी वही बनाता था। ग्रामीणों के अनुसार लाला ने देर शाम तक अपने खेत में धान की फसल लगवायी। उसके बाद वह रात में नलकूप की छत पर बने कमरे मे सोने चला गया, जहां देर रात्रि अज्ञात बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी और हत्या को छुपाने के लिए उसके बेड़ मे आग लगा दी जिससे बेड़ का एक हिस्सा और लाला के पैर झुलसे हुए मिले। सुबह जब ढिकोली निवासी सोनवीर नलकूप पर पहुंचा तो उसने लाला को आवाज लगायी जब वह नही बोला तो वह बांस की सीडी के साहरे नलकूप की छत पर पहुंचा तो उसे कमरे से धुवा निकलता दिखाई दिया। उसने तुरंत उसके परिजनों को सूचना दी और आग को बुझाया। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौकें पर पहुंच गये जहा मृतक के गले पर निशान मिला और पैर झुलसे हुए मिले। सूचना मिलते ही खेकड़ा सीओ पुलिस फोर्स के साथ मौकें पर पहुंचे और फॉरेसिंक टीम भी मौकें पर पहुंच गयी। पुलिस ने जांच के बाद मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मृतक की हत्या की आशंका जताई जा रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृतक की मौत कैसे हुई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### पेड़ की डाली टूटने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** थाना क्षेत्र के गांगनौली गांव में एक दुखद घटना सामने आई। जामुन तोड़ने के दौरान पेड़ की डाली टूटने से एक महिला की मौत हो गई। दो अन्य लोग भी इस हादसे में घायल हुए।

दोघट थाना क्षेत्र के गांगनौली गांव की रहने वाली साहिरा 26वर्षीय चार अन्य महिलाओं के साथ गांव के बाहर खेत में जामुन तोड़ रही थी। वह अपने बच्चों के लिए जामुन तोड़ने पेड़ पर चढ़ी थी। इसी दौरान जिस डाली पर वह खड़ी थी, वह अचानक टूट गई। साहिरा जमीन पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए। शिवानी के पैर टूट गए। नदीम के दोनों हाथ टूटने के साथ आंख में भी चोट आई है। मृतका के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया। दोघट के इंस्पेक्टर बच्चू सिंह का कहना है कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है। इस घटना के बाद ग्रामीणों से अपील की गई है कि जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर न चढ़ें।

### आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** थाना क्षेत्र में असम के एक युवक का शव आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान असम के करीमगंज जिले के नीलम बाजार थाना क्षेत्र के बलिया गांव निवासी दिलबर 23वषीर्य के रूप में हुई है।

दिलबर 29 मई को बिजवाड़ा गांव में यासीन के यहां काम करने आया था। वह जंगल में स्थित नलकूप पर रहकर खेतीबाड़ी का काम करता था। यासीन ने भूपेंद्र के खेत ठेके पर ले रखे थे। बाग की रखवाली कर रहे श्रमिकों को नलकूप के पास आम के पेड़ पर एक शव लटका दिखा। उन्होंने तुरंत पीआरबी को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बागपत से आई फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शिव दत्त के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अखाड़े में नाबालिग पहलवान के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे के आर्य समाज अखाड़े में एक नाबालिग पहलवान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। ककौर गांव का रहने वाला पीड़ित वंश दो साल से अखाड़े में पहलवानी सीख रहा है।

पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि छपरौली निवासी रणपाल ने उनके बेटे को लाठी से पीटा। आरोपी रणपाल के खिलाफ पहले से द्वेष रखने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित के शरीर पर मारपीट के गंभीर निशान हैं। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर पहलवान को बचाया। घायल पहलवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी अब फैसले का दबाव बना रहा है। जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पहलवान ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर न्याय की मांग की है। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए छपरौली पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### काशीराम कॉलोनी में अपात्रों की जांच को लेकर मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की मलकपुर रोड काशीराम कॉलोनी में जांच का दयारा आते ही कॉलोनी में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया अब लोगों को घर छोड़ना पड़ेगा जो लोग काशीराम कॉलोनी में किराए पर रह रहे हैं अब उन्हें यह मकान छोड़ना होगा। जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने नगर के मलकपुर रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले 90 लोगों को अपात्र बताया। मगर अब पालिका अपने स्तर से इन लोगों की एक-एक कर जांच करेगी। इसके बाद सूची डूडा को भेजी जाएगी। मलकपुर रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में बनाए गए मकानों में डूडा विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई थी कि इनमें सैकड़ों लोग अपात्र रूप से रह रहे हैं। जिन लोगों को मकान आवंटित किए गए थे, वह यहां से छोड़कर कहीं दूसरी जगह रह रहे हैं और इन्हें किराए पर दिया हुआ है। शिकायत पर डूडा की जांच में 90 लोग अपात्र पाए गए, जिनकी सूची बनाकर पालिका को भेजी गई। अब पालिका अपन स्तर से इनकी जांच करेगी। जांच करने की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक नेमचंद को सौंपी गई। वहीं राजस्व निरीक्षक ने कहा कि पहले सभी की कॉलोनी में जाकर जांच की जाएगी। इसके बाद अपात्रों की सूची बनाकर डूडा को भेजी जाएगी, जिस पर विभागीय अधिकारियों का निर्णय अंतिम होगा। जांच पूरी होते ही कॉलोनी में रह रहे लोगों को मकान का ताला लगाकर बाहर निकलना होगा और मकान को छोड़ना होगा। इसे लेकर कॉलोनी में हड़कंप मचा हुआ है।

## वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अभिनव पहल की गई है। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारा. ेपण अभियान को एक नई दिशा देते हुए जनपद में पहली बार ऐसे वर्ग को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, जो अब तक इसके दायरे से बाहर था ईंट भट्टा संचालक।

जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचा. लित समस्त ईंट भट्टा इकाइयों को वृक्षारोपण के इस अभियान में सहभागी बनाने का निर्णय लिया गया है। इस क्रम में ईंट भट्टा संच. ालकों को 15,000 पौधों के रोपण का लक्ष्य सौंपा गया है, जो न केवल उनके परिसर और आसपास के क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी सुदृढ़ करेगा। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत आज ग्राम संतोषपुर



बाघू में जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा स्वयं पौधारोपण कर की गई। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और ईंट भट्टा संचालकों को संबो. धित करते हुए कहा कि, वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक होना चाहिए। जब हम एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाते हैं, तो उसमें सेवा, सम्मान और संरक्षण की भावना स्वत: जुड़ जाती है। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में ईंट भट्टों की अधिक संख्या होने के कारण यहां पर्यावरणीय दबाव भी अधिक है। उन्होने भट्टा संचालकों से अपेक्षा जताई कि वे न केवल पौधों का रोपण करें, बल्कि उसकी देखभाल और संरक्षण भी सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत सभी ईंट भट्टा संचालक अपने परिसरों में पौधों की जियो टैगिंग करवाएं और उसकी निगरानी रिपोर्ट संबंधित विभागों को समय-समय पर प्रस्तुत करें। इसके अलावा वन विभाग द्वारा आवश्यक पौधे उपलब्ध कराने और तकनीकी मार्गदर्शन देने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में ग्रामीण, शिक्षक, समाजसेवी, स्वयं सहायता समूह, पर्यावरण प्रेमी, स्थानीय जनप्रति. निधि, संबंधित विभागों के अधिक. ारी तथा ईंट भट्टा यूनियन के अध्यक्ष विनोद गोयल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम बागपत भावना सिंह, जिला पंचायत सदस्य मानुपाल बंसल सहित आदि सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

## आर्म रेसलिंग में निधि ने दूसरा व अजय ने तीसरा स्थान किया प्राप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** केरल में आयोजित नेशनल आर्म रेसलिंग में घिटौरा की निधि बैंसला ने तिर्तीय व अजय ने तीसरा स्थान प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया गांव पहुंचने पर दोनो का स्वागत किया गया।

केरल में नेशनल आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें घिटौरा की निधि बैंसला पुत्री सुधीर व अजय पुत्र कपिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जब यह खबर गांव पहुंची तो गांव के लोग खुशी से झूम उठे शुक्रवार को गांव पहुंचने से पहले लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने उनका अपने आवास पर फूल मालाओ से स्वागत किया। उसके बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उसका भव्य स्वागत किया, जहां समाजसेवी कपिल बैंसला ने कहा कि मेहनत और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। स्वागत करने वालो में राजपाल, भारत सिंह, पप्पी प्रधान, गोपीचंद, विशम्बर आदि मौजूद रहे।

## दर्जनों युवक ने घर में घुसकर परिवार पर किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के डोला गांव में एक परिवार पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित शौकीन ने बताया कि कुछ लोग उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर उन लोगों ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया।

लाठी-डंडों से लैस करीब एक दर्जन युवक शौकीन के घर में घुस गए। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हुए। इस घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक हाथों में डंडे लिए एक मकान में घुस रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस से



शिकायत की है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस वीडियो और पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## आवारा सांड ने बुजुर्ग महिला को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचोड़ा गांव में शुक्रवार सुबहएक आवारा सांड ने एक बुजुर्ग महिला को पीछे से आकर टक्कर मार दी।

राजकली पत्नी महेन्द्र गांव के शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए जा रही थीं। तभी अचानक पीछे से दौड़ता हुआ सांड आया और उसने जोरदार टक्कर मार दी। महिला लगभग 5 फीट ऊपर उछलकर दूर जा गिरी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने सांड को भगाया और महिला को तत्काल परिजनों को सूचना देकर अस्पताल भिजवाया। घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

ग्रामीण शर्मानंद शर्मा, विनोद, मुकेश आदि ने बताया कि गांव में



एक विशेष सांड है जो बीते एक महीने में करीब दर्जनभर लोगों को घायल कर चुका है। यही नहीं, गांव में बंदरों का आतंक भी बना हुआ है। वे बच्चों और बड़ों पर हमला कर रहे हैं।

अब हालात यह हैं कि ग्रामीण घर से निकलते समय हाथ में लाठी-डंडा लेकर चलने को मजबूर हैं। कई बार प्रशासन से सांड और बंदरों को पकड़वाने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव के लोगों ने डीएम से लिखित रूप में शिकायत कर इन जानवरों से मुक्ति दिलाने की मांग की है और प्रदर्शन भी किया है।

## भारतीय सेना को फील्ड मार्शल उपाधि दिए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय सेना को फील्ड मार्शल की उपाधि देने की मांग को लेकर पूर्व सांसद प्रत्याशी सुभाष चंद कश्यप ने प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री के नाम अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया।

शुक्रवार को खेकड़ा निवासी सुभाष चंद ने एडीएम को ज्ञापन देते हुए बताया कि पिछले दिनों पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान सेना को ऑपरेशन सिंदूर के तहत मुंहतोड़ जवाब दिया था जिससे पूरी दुनिया में पाकिस्तान को एक्सपोज किया गया। इस दौरान सुभाष चंद कश्यप ने कहा कि पाकिस्तान मार खाने के बाद भी अपनी सेना प्रमुख को फील्ड मार्शल की उपाधि दी है। वहीं भारतीय सेना ने पाकिस्तान की



धुनाई की मिसाइल से उसके एयरपोर्ट जहाज भी तोड़ डालें जिससे पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया। फिर भी भारत सरकार ने भारतीय सेना को फील्ड मार्शल की उपाधि अब तक भी नहीं दी। भारतीय सेना के पराक्रम और बहादुरी को देखते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री से भारतीय सेना को फील्ड मार्शल की उपाधि दिए जाने की मांग की है।

## अपूर्ण कार्यो को शीघ्र किया जाए पूर्ण:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने भारत सरकार की डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजनार्न्तगत बासौली में स्पोर्ट्स कंपलेक्स 6.14 करोड़ रुपये की परियोजना का निरीक्षण किया परियोजना का कार्य प्रारंभ 31 दिसंबर 2018 को हुआ था जो 27 मार्च 2023 तक समाप्त होना था जिसके क्रम में कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है, जिसमें एक स्टेडियम, बास्केटबॉल कोर्ट व एक स्विमिंग पूल स्विमिंग पूल बिल्डिंग, चार दिवारी का कार्य हुआ है। जिला. धिकारी ने सीएनडीएस कार्यदाई संस्था को परियोजना पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ग्राम प्रधान को स्पोर्ट



कंपलेक्स का रखरखाव देखने के लिए एक व्यक्ति नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएनडीएस को निर्देश दिए कि जो कमियां दिखाई दे रही है जो प्रतीत हो रही हैं उन्हें तत्काल सही कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो मिट्टी का कार्य स्पोर्ट कंपलेक्स में अभी भी अपूर्ण है। इसे तत्काल पूर्ण करा जाए। बासौली में 70 लाख की परियोजना बायोगैस प्लांट का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया जिसकी स्थिति अच्छी नहीं पाई गई जो क्रियाशील नहीं मिला जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था यूपीएसआईसी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, डीआरडीए सहायक अभियंता सौरभ चौधरी, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र नायक कुलदीप नैन के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम विनोद सिंह व मेरी जन्मतिथि 09.01.1964 तथा मेरी पत्नी का नाम मुनेष देवी व उनकी जन्मतिथि 04.02.1966 गलत दर्ज है। हम दोनों के आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम विनोद व जन्मतिथि 01.01.1963 तथा मेरी पत्नी का सही नाम मुनेश व जन्मतिथि 01.01.1965 की जाये।
विनोद S/O अजब सिंह ग्राम सरूरपुर कलॉ (बागपत)उ.प्र.

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र आस मौहम्मद व पुत्रवूध मुस्कान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अब्दुल करीम पुत्र इब्राहिम निवासी ईदगाह ठाकुरद्वारा बागपत व थाना जनपद बागपत।

### फ्लॉप साबित हुए ट्रैफिक पुलिस के इंतजाम और नियम

# स्कूलों की छुट्टी होते ही लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेस्ट एंड रोड पर स्कूल की छुट्टी होने के बाद एक घंटे तक भीषण जाम लग गया। जिससे छात्र-छात्राओं और छोटे-छोटे बच्चों के साथ अभिभावकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान जाम नहीं लगने देने के लिए बनाए गए ट्रेफिक पुलिस के दावे फेल साबित होते हुए नजर आए। हालांकि, जाम खुलवाने के लिए कोई भी व्यवस्था यातायात पुलिस ने नहीं की। वहीं सड़क किनारे कुछ ट्रेफिक पुलिसकर्मी जरूर दिखाई दिए लेकिन वह भी जाम खुलवाने में असमर्थ साबित हुए। दरअसल जाम से मुक्ति पाने के लिए यातायात पुलिस को गंभीर होने की आवश्यकता है, ताकि भीषण जाम से बचा जा सके। गर्मियों के अवकाश के बाद सभी स्कूल खुल गए हैं। स्कूल की छुट्टी के बाद भीषण जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। जैसे ही दोपहर को स्कूल की छुट्टी हुई तो लंबा जाम लग गया।

एसडी सदर स्कूल से लेकर सदर घंटाघर तक जाम की स्थिति बनी रही। जिसको लेकर सभी को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस की कोई भी प्लानिंग यहां देखने को नहीं मिली। जिसको लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, वेस्ट एंड रोड पर स्कूलों की छुट्टी होने पर कोई जाम ना लगे,



इसके लिए ट्रेफिक पुलिस ने स्कूल संचालकों ने बात करके यह निर्णय लिया था कि, सभी स्कूलों की छुट्टी होने पर दस मिनट का अंतराल रखा जाए। ताकि जाम के झाम से बचा जा सके। लेकिन, जाम खुलवा पाने में ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। जिसके चलते स्कूली बच्चों और अभिभावकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## सद्गुणों को धारण करने से ही बनता है आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आर्य समाज सूरजकुंड मार्ग के 55वें में स्थापना दिवस का शुभारंभ देव यज्ञ से हुआ। आचार्य शिवम शास्त्री द्वारा संपन्न कराए गए यज्ञ के यजमान भावना बिश्नोई- हरि ओम बिश्नोई, रेखा सिंह-नीरज सिंह, राखी जिंदल-अतुल जिंदल, नेहा आर्य- क्रांति देव आर्य रहे यज्ञ में ऋग्वेद के 100 मंत्रों से विशेष आहुतियां प्रदान कर विश्व कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध आर्य भजनोपदेशक पंडित कुलदीप आर्य ने ईश्वर भक्ति के बहुत सुंदर भजनों के द्वारा श्रोताओं को आनंदित किया। मनमीत बसा मन में मन के दर्पण में देखा नहीं भजन सुना कर उन्होंने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# बुजुर्ग दंपति को पीटने की अधिवक्ताओं ने डीआईजी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बागपत के बालैनी में एक बुजुर्ग दंपती को घर के सामने भर रहे नाली के पानी का विरोध करना उस समय भारी पड़ गया। जब दबंग पड़ोसियो ने मेरठ बार के वकील के बुजुर्ग माता पिता पर हमला बोल दिया। दबंगों ने दोनों के साथ जमकर मारपीट की दबंगो के हमले में वकील के 73 साल के पिता घायल हो गए। आरोप है कि, थाना पुलिस ने दबंगो की तहरीर पर वकील और उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा लिख दिया। जबकि पुलिस वकील की तहरीर कार्यवाही नही कर रही है। वकील का आरोप है कि मुकदमा न लिखने की बात पूछने पर दरोगा ने उनके साथ जमकर अभद्रता की। इसी से नाराज वकील शुक्रवार को डीआईजी से मिले और दरोगा सहित पड़ोसियों पर कार्यवाही की मांग की डीआईजी मामले की जांच एएसपी से कराने की बात कही है।

बालैनी थाना क्षेत्र स्थित गांव दौलतपुर के रहने वाले मोहम्मद यामीन का आरोप है कि उनके पड़ोस के रहने वाले जहांगीर पुत्र अली मोहम्मद ने अपनी नाली का गंदा पानी उनके मकान के सामने खोला हुआ है। 28 जून को यामीन ने आरोपी जहांगीर से पानी को रोकने के लिए कहा था इसी बात पर जहांगीर अपने बेटे शाहवेज शायन ओर अकरम पुत्र यूसुफ अजीम पुत्र अकरम के साथ मिलकर मोहम्मद यामीन के घर पर हमला बोल दिया था। आरोपियों के हमले में मोहम्मद यामीन और उनकी पत्नी को काफी चोट आई थी मामले की जानकारी मिलने पर मोहम्मद यामीन के बेटे एडवोकेट जावेद अहमद भी अपने गांव पहुंचे। उन्होंने अपने पिता को एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उन्हें दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया था। दिल्ली में उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। उनका इलाज चल रहा है। मोहम्मद यामीन के बेटे एडवोकेट जावेद अहमद का कहना है कि पुलिस ने आरोपी पक्ष की तहरीर पर उनके खिलाफ झूठा मुकदमा लिख दिया है जबकि उनकी तहरीर पुलिस नहीं ले रही थी। इसी को लेकर एडवोकेट मोहम्मद जावेद ने मामले की शिकायत बार एसो. से की शिकायत मिलते ही वकीलों का एक प्रतिनिधि मंडल मामले की शिकायत लेकर डीआईजी से मिला कार्रवाई की मांग की।

# शोभित में हैप्पी मोमेंट्स कार्यक्रम आयोजित

### विश्वविद्यालय के छात्रों ने साझा किए जीवन के सबसे सुखद क्षण

- ऑनलाइन हुए कार्यक्रम में छात्रों ने स्मृतियों से जुड़ी वीडियों की शेयर
- फाइजा प्रथम व अभिषेक रहे द्वितीय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मेरठ के कल्चरल क्लब द्वारा शुक्रवार को 4 एक रचनात्मक और उत्साहवर्धक अंतर महाविद्यालयीय ऑनलाइन कार्यक्रम हैप्पी मोमेंट्स का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके जीवन के खुशहाल और प्रेरणादायक पलों को साझा करने का अवसर प्रदान करना था। छात्रों से आग्रह किया गया कि वे अपनी स्मृतियों से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो भेजें, जिनसे उन्हें सच्ची प्रसन्नता प्राप्त हुई हो। इन प्रस्तुतियों को रचनात्मक रील्स के रूप में संयोजित कर सभी के साथ साझा किया गया।

कार्यक्रम में शोभित विश्वविद्यालय, आईआईएमटी, केआईईटी, और में मेरठ कॉलेज सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अनुभवों में पारिवारिक क्षण, मित्रता, प्रकृति से जुड़ी अनुभूतियां, यात्राएं तथा व्यक्तिगत उपलब्धियां शामिल थीं। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम की संयोजक प्रो. डॉ. दिव्या प्रकाश रहीं। कार्यक्रम की मुख्य निर्णायक प्रो. डॉ. निधि त्यागी ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रील्स का मूल्यांकन किया तथा प्रतिभागियों को उनके सृजनात्मकता के लिए सराहा। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सुरभि सरोहा इवेंट कोऑर्डिनेटर द्वारा किया गया, जबकि सौरव सिंह, वंशिका जैन एवं कमला कांत ने बतौर छात्र समन्वयक उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया। विजेता प्रतिभागियों की घोषणा इस प्रकार की गई। प्रथम पुरस्कार फाइजा खान, द्वितीय पुरस्कार अभिषेक राज, तृतीय पुरस्कार संयुक्त शादाब इदरिशी एवं राधिका सैनी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों एवं निदेशकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायक और बनाया।

## युवती के लापता होने की कराई गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव तजपुरा में बीते दो जुलाई को एक व्यक्ति ने अपनी बालिग पुत्री की लापता होने की थाना पर गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के गांव तजपुरा निवासी चंद्रपाल ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया कि बीते 2 जुलाई को उसकी बालिग पुत्री गांव से लापता हो गई थी। रिश्तेदारी एवं संबंधित जगहों पर तलाश की। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित पिता ने थाने पर तहरीर देकर बालिग की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बरामदगी की मांग की है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही युवती को बरामद किया जाएगा।

# हल्की बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पिछले कुछ दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी लोगों को लगातार परेशान करती हुई दिखाई दे रही है। लेकिन शुक्रवार को मौसम ने करवट ली और दोपहर के समय हुई बूंदाबांदी से एक बार फिर मौसम सुहाना हो गया। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदा-बांदी या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना बनी हुई है। वहीं, बूंदाबांदी होने के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को जनपद मेरठ का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



शुक्रवार को हल्की बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। शुक्रवार दोपहर आसमान पर बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी होने लगी। जिससे एक बार फिर उमस भरी गर्मी से राहत मिलती दिखाई दी। हालांकि, अभी भी मेरठ को अच्छी बारिश का इंतजार है। पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव के चलते गर्मी परेशान कर रही थी। उमस के चलते हाल बेहाल हो रहा था। भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के मौसम वैज्ञानिक डाक्टर एम शमीम का कहना है कि मौसम में बदलाव के साथ बारिश भी शुरू हो गई है। आगामी दो दिन तक मानसून की अच्छी बारिश होने के आसार हैं। बता दें कि, मानसून पूरे देश में दस्तक दे चुका है। फिलहाल मेरठ में अभी अच्छी बारिश का इंतजार है। अमूमन जून के आखिरी तक मेरठ में मानसून पहुंच जाता है, मगर इस बार लेट हो गया। हालांकि, हल्की बारिश के होने से जहां एक क्वालिटी इंडेक्स 100 से नीचे आ जाएगा। वहीं शहर वासियों को गर्मी से भी राहत मिलती हुई दिखाई दें रही है। यह बारिश फसलों के लिए भी काफी लाभकारी होगा। शुक्रवार शाम आसमान में छाए बादल और शहर के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। ठंडी हवा से तापमान में गिरावट हुई और गर्मी एवं उमस से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दिन-रात का तापमान क्रमश 33.2 एवं 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से क्रमश 1.1 और 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। तापमान में शनिवार को और गिरावट की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज ऐसे ही बने रहने के आसार हैं। मेरठ सहित वेस्ट यूपी के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने के आसार हैं। वहीं, मौसम के इस मिजाज से मेरठ में हवा की गुणवत्ता अच्छी श्रेणी में पहुंच गई है। शुक्रवार को मेरठ का एक्यूआई 48 दर्ज हुआ। इसमें आज और सुधार की उम्मीद है।

# डीएम कार्यालय पहुंचे डाक्टरों ने पुलिस पर लगाया कार्रवाई नहीं करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डाक्टर पर गलत मुकदमा दर्ज होने पर डाक्टरों का एक प्रति. निधिमंडल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि डाक्टर मनोज कुमार सैनी की ओर से प्रार्थना पत्र दिया गया है कि, रोहित सिंह प्रार्थी को तंग परेशान व दबाव बनाने के लिए झूठे शिकायती प्रार्थना पत्र भिन्न भिन्न अधिकारियों के यहां देता रहता है। आरोपी रोहित सिंह एक भूमाफिया है। जो अपने गिरोह के साथ लोगों की जमीन पर पहले फर्जी व अवैध तरीके से कब्जा करता है और फिर कब्जा छोड़ने की ऐवज में जमीन व मकान के स्वामियों से ब्लैकमेल करके मोटी रकम ऐंठता है।



इसके गिरोह में इसके साथ राजू भढ़ाना निवासी भड़ौली किठौर, अभिमन्यू त्यागी, इन्तेजार, राजेन्द्र सिंह, हेमन्त गुर्जर आदि शामिल हैं जो रोहित के फर्जी व अवैध तरीके से जमीन कब्जाने में रोहित सिंह का पूर्ण सहयोग करने हैं। बताया कि इन सभी लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में अपराधिक मुकदमें भी दर्ज है तथा इन लोगों को कुछ नेताओं का संरक्षण भी प्राप्त है और उसी के आधार पर यह धमकी देते हैं कि पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। अब इन लोगों की नजर मनोज की सम्पत्ति पर है। 5 मई को रोहित सिंह, राजू भडाना, राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, हेमन्त गुर्जर अभिमन्यू त्यागी, पुनीत और इन्तेजार आदि ने प्रार्थी की सम्पत्ति पर फर्जी व अवैध कब्जा करके धन ऐंठने की नियत से मकान का ताला तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया है।

## नगर पंचायत ने त्योहारों पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर पंचायत द्वारा त्योहारों के तैयारी एवं संचारी रोगों से निपटने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत नगर के मुख्य मार्गो, धार्मिक स्थलों के आस पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सरकारी हैंडपंप, वाटर कूलर के समीप सफाई की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के आधार पर नगर के सभी वार्डों में स्वच्छता वार्ड रैंकिंग की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के नगर के ब्रांड एंबेसेडर विष्णु अवतार रूहेला ने बताया कि स्वच्छता के लिए जन जन को जागरूक करने के लिए सभी वार्डों में बैठक की जायेगी, चेयरमैन हिटलर त्यागी एवं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने सभी नगर वासियों से स्वच्छता व नगर को सुंदर रखने की अपील की है।

# कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को शुद्ध हवा के लिए वायु मित्र प्रतिज्ञा दिलाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दौराला मसूरी मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज में शुद्ध हवा के लिए सभी छात्राओं को वायु मित्र प्रतिज्ञा दिलाई गई। जिसमें सभी छात्राओं ने हाथ उठाकर प्रतीज्ञा ली।



स्कूल की प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने बताया कि शुद्ध हवा के लिए जो प्रतिज्ञा दिलाई गई उसमें पैदल चलना या साईकिल चलाना, सार्वजनिक परिवहन और यातायात के स्वच्छ साधनो का उपयोग करना, पेड़ लगाकर उनका पालन पोषण करना, कचरे का सही तरह से वियोजन करना सड़क व खुले स्थान पर कचरा न फेंकना, परिवार और दोस्तों को जैविक कचरे से खाद बनाने के लिए प्रेरित करना, लोगों को निर्माण और सड़क की धूल कम करने और सूखे पत्तों को जलाने से रो. कने के लिए समझाने, कार्बन फुटप्रिंट कम करना व कैसे ओर किस तरह स्वच्छ वायु में योगदान दे सकते है, वायु मित्र बनकर पर्यावरण और धरती की रक्षा करना आदि प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य सुनीता भारती के अलावा ममता कश्यप, कौशल रानी, अंकिता शर्मा, बीना कंसल, रेनू भारद्वाज, प्राची, रंजना, ललिता रानी, अंशु गुप्ता, अरुणा गुप्ता, नेहा, कुमकुम, सोनिया आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# महिला कर्मचारी ने संयुक्त विकास आयुक्त पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय बचत कार्यालय, बच्चा पार्क की एक महिला कर्मचारी ने संयुक्त विकास आयुक्त पर मान. सिक उत्पीड़न, अभद्र भाषा के प्रयोग और रात में कॉल व मैसेज कर परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने इस संबंध में महिला आयोग समेत मेरठ मंडलायुक्त, ग्राम विकास आयुक्त लखनऊ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है।

**विरोध करने पर नौकरी से निकालने की मिलती है धमकी**

पीड़िता के अनुसार, 19 मार्च को कार्यालय में संयुक्त विकास आयुक्त ने स्टाफ सदस्यों सचिन और विनय को अपमानित किया और उसी दौरान उनसे भी अभद्र भाषा में बात की। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उन्हें बार-बार रात में कॉल और संदेश भेजकर परेशान किया गया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो नौकरी से निकालने की धमकी दी गई। महिला का कहना है कि मानसिक तनाव इतना बढ़ गया है कि वह घर पहुंचते ही मोबाइल बंद करके रखना पड़ता है।

महिला कर्मचारी ने कहा कि उनके सिर पर मां बाप का साया नहीं है इस लिए मेरठ में अकेली रहती है, बहन बहनोई हर जो अन्य जिले में रहते है इस लिए कभी कभी डर भी लगता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि ये व्यवहार कार्यस्थल के स्वस्थ माहौल के खिलाफ है और उन्हें मानसिक रूप से तोड़ रहा है। परेशान होकर उन्होंने महिला आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं कार्यालय सूत्रों की माने तो संयुक्त विकास आयुक्त का विवादों से पुराना नाता रहा है, अपने अन्य जिले गाजियाबाद के कौशांबी, बागपत ओर शामली में कार्यकाल के दौरान हुए विवादों के कारण सुर्खियों में रहे थे।

मंडलीय कार्यालय के अधिकारी बलीराम ने सफाई देते हुए कहा कि कार्यालय में कार्य की लापरवाही को लेकर मैंने स्टाफ को डांटा था। लेकिन मेरा किसी को परेशान करने का कोई उद्देश्य नहीं था। मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद और गलत हैं।

**संयुक्त विकास आयुक्त बलीराम**

## 27वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में यूपी के खिलाड़ियों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 27वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप मथुरा जिले में 1 से 4 जुलाई तक आयोजित की गई। जिसमे उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से लगभग हजारों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मेरठ में भोला रोड पर स्थित आकाश शूटिंग अकादमी के 9 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सभी ने क्वालीफाई किया और अक्ष सेहरावत ने 570/600 स्कोर के साथ इंडिविजुअल गोल्ड मैडल हासिल किया, तथा देव राणा और दक्ष जातला ने टीम सिल्वर मैडल अपने नाम किया। सभी खिलाड़ी साल के अंत में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं।



# नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ कोर्ट ने सुनाई सजा

### 17 हजार रुपये का अर्थदंड एवं 10 वर्ष के कारावास की हुई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहावती में 2019 में 16 वर्ष की नाबालिग पुत्री से बहला-फुसलाकर जंगल में ले जाकर बलात्कार किया था। जिसमें पीड़ित द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के बाद कोर्ट में मामला विचाराधीन चल रहा था। जिसमें मुकदमा अपराध संख्या 161/2019 एचटी 334/2019 धारा 363, 366, 376 व 3/4 पोस्को अधिनियम में न्यायालय स्पेशल जज पोस्को एक्ट मेरठ द्वारा 376 भदवि में 10 वर्ष के कारावास तथा 17हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के गांव रहावती में एक नाबालिग किशोरी के साथ गांव के ही आरोपित अभियुक्त रायसिंह पुत्र हेम सिंह ने नाबालिग किशोरी के साथ बहला फुसलाकर जंगल में ले जाकर बलात्कार किया था। जिसमें पीड़ित द्वारा थाना पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसका मुकदमा न्यायालय स्पेशल जज पोस्को धारा 376 में 10 साल की कारावास तथा 17 हजार रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर 30-9-2019 का आरोप पत्र संख्या 127/2019 न्यायालय में प्रेषित किया गया था।




# एसएसपी ने पुलिस लाइन में आधारभूत सुविधाओं एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसएसपी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के रहने, कार्य करने एवं प्रशिक्षण से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

एसएसपी बैरिक पहुंचें। पुलिस कर्मियों के आवास के लिए निर्मित बैरिकों की स्थिति, साफ-सफाई, बिजली, जलापूर्ति, वेंटिलेशन आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बैरिकों में नियमित रूप से साफ-सफाई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित कराए जाएं, ताकि पुलिसकर्मियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी शौचालयों में नियमित साफ-सफाई, जल की उपलब्धता एवं मरम्मत कार्य समयबद्ध रूप से होते रहें। तकनीकी प्रशिक्षण एवं कार्यालयीय कार्यों को डिजिटल रूप देने के दृष्टिगत तैयार किए जा रहे नवनिर्माणधीन कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए कप्तान द्वारा कार्य की गुणवत्ता, समयसीमा तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार योजना में संशोधन आदि पर भी विचार किया गया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न हो और यह आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने संबंधित पुलिस एवं निर्माण इकाई के अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। पुलिस कर्मियों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए कार्यों की, प्राथमिकता तय की जाए। बताया कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के लिए बेहतर कार्य एवं निवास वातावरण तैयार करना है।

## अपर मुख्य सचिव ने पौधारोपण एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग नोडल अधिकारी नरेन्द्र भूषण द्वारा डीएम, एसएसपी तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण की मौजूदगी में पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत नरेन्द्र भूषण द्वारा पुलिस लाइन में नव निर्माणधीन ऑडियोरियम हॉल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति एवं उपयोगिता संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना लक्ष्य: विजय नामदेव

- मोहिउद्दीनपुर में महिलाओं को मिला कुटीर उद्योग का तोहफा कर्मणि ब्रांड के तहत मसाला उद्योग की हुई शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम पंचायत मोहि. उद्दीनपुर में महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सराहनीय पहल की गई, जिसके तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को कुटीर उद्योग से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हुआ। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद इंपिरियल एवं रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को मसाला पीसने की मशीनें वितरित की गईं।

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें मसाला उद्योग से जोड़कर स्थायी स्वरोजगार उपलब्ध कराना है। महिलाएं अब मसालों का निर्माण, पैकेजिंग और कर्मणि ब्रांड के तहत बाजार में विपणन कर सकेंगी, जिससे उन्हें आय का सशक्त माध्यम प्राप्त होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ग्राम पंचायत कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, प्रोजेक्ट चेयर अंकिता शास्त्री, रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमिता मोहि. हंद्र, रोटरी अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, वरुण शर्मा और ग्राम प्रधान विजय नामदेव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। डॉ. तोमर ने कहा कि जब ग्रामीण महिलाएं सशक्त होती हैं तो समाज, जिला और राज्य भी सशक्त बनता है। योगी सरकार की योजनाएं अब धरातल पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही हैं और मोहि. उद्दीनपुर इसका उदाहरण बन रहा है। ग्राम प्रधान विजय नामदेव ने बताया कि गांव में वर्तमान में 22 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिन्हें मसाला, अचार, चप्पल निर्माण और पैकेजिंग जैसे कार्यों का प्रशिक्षण मिल चुका है। रोटरी क्लब ने तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान कर इस अभियान को सशक्त बनाया है। प्रोजेक्ट चेयर अंकिता शास्त्री ने बताया कि कर्मणि ब्रांड के तहत तैयार उत्पादों को बाजार में एक नई पहचान मिलेगी, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी और ग्रामीण उद्यमिता को नया आयाम मिलेगा।

## धनसिंह कोतवाल को किया गया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को धनसिंह कोतवाल की संघर्ष गाथा और शहादत को नमन करने के लिए माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रांति नायक धन सिंह कोतवाल जी के प्रपोत्र तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि आज ही के दिन 4 जुलाई 1857 की रात को अंग्रेजी खाकी रिसाले ने कोतवाल धनसिंह तथा उसके गांव पांचली खुर्द पर तोपों से आक्रमण कर दिया था। इस खाकी रिसाले में 10 तोपें, 58 घुड़सवार तथा 38 पैदल सिपाही थे, इसके अतिरिक्त 100 राइफल धारी तथा 60 कार्बनधारी सैनिक साथ थे, कुल मिलाकर अंग्रेजी सेना के 300 सैनिक थे। जिनमें दो तिहाई यूरोपियन थे। पूरे गांव को तोपो से उड़ा दिया गया जिसमें 400 से ज्यादा आदमी मारे गए। गांव में जो आदमी किसी तरह से बच गए।

**गिल की पारी ने तोड़े कई रिकॉर्ड**

**गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए**




**बर्मिंघम, वार्ता।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए, जो टेस्ट में भारतीय कप्तान का सर्वाधिक स्कोर है, उन्होंने विराट कोहली के 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए नाबाद 254 रन को पछाड़ा। गिल के 269 रन एशिया के बाहर किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर भी है, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के नाबाद 241 रनों को पछाड़ा जो उन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में बनाए थे। यह घर के बाहर टेस्ट में किसी भारतीय का तीसरा सर्वोच्च स्कोर भी है। उनसे आगे वीरेंद्र सहवाग के मुल्तान में 309 और राहुल द्रविड़ के 2004 में रावलपिंडी में 270 रन हैं। उनसे पहले केवल दो भारतीयों ने इंग्लैंड में दोहरे शतक लगाए थे।

उनसे पहले 1979 में सुनील गावस्कर ने 221 और 2002 में राहुल द्रविड़ ने 217 रन बनाए थे, दोनों ही दोहरे शतक द ओवल में आए थे। कुल मिलाकर गिल के 269 रन टेस्ट में भारत के लिए सातवां सर्वोच्च स्कोर है। मेहमान बल्लेबाजों ने इससे पहले एजबस्टन में शतक लगाए थे। ग्रीम स्मिथ ने 2003 में 277, जबकि जहीर अब्बास ने 1971 में 274 रन बनाए थे। गिल के 269 रन किसी विदेशी बल्लेबाज का इंग्लैंड में बनाया आठवां सर्वोच्च स्कोर है। गिल समेत सात बल्लेबाजों ने बतौर कप्तान अपने पहले दो टेस्ट में शतक लगाए हैं। पिछले छह में से तीन भारतीय थे, जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर और विराट कोहली शामिल हैं। इसके अलावा जैकी मकग्लू, एलिस्टेयर कुक और स्टीवन स्मिथ शामिल हैं। पांच बल्लेबाजों के टेस्ट और वनडे दोनों में दोहरे शतक हैं। गिल के अलावा ऐसा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और क्रिस गेल ने किया है। नीतीश रेड्डी के आउट होने के बाद एजबस्टन में भारत ने 376 रन जोड़े, ये टेस्ट पारी में आखिरी पांच विकेट के लिए जोड़े उनके सबसे अधिक रन हैं। टेस्ट में छठे विकेट या उससे कम के लिए तीन 200 से अधिक साझेदारियों में रवींद्र जडेजा शामिल रहे। केवल एडम गिलक्रिस्ट (6), बीजे वाटलिंग (5) और एमएस धोनी (4) ही इससे अधिक साझेदारियों में हिस्सा रहे हैं।




**जडेजा ने बीसीसीआई दिशा निर्देश तोड़ा, पर सजा की उम्मीद नहीं**

● **ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर जाएगा और न ही मैदान से आएगा**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था।

भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का खतरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद को देख पाऊं, तो बाकी की पारी आसान हो जाएगी। सौभाग्य से मैं लंच तक बल्लेबाजी कर सका, और फिर वॉशिंगटन सुंदर ने भी शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड में आप जितनी अधिक बल्लेबाजी करते हैं, उतना ही बेहतर होता है क्योंकि आपको कभी नहीं लगता कि आप इंग्लैंड में सेट हैं। किसी भी समय गेंद लस्वग हो सकती है और आपका किनारा ले सकती है या आपको बोल्ड कर सकती है। जडेजा तेज गेंदबाज जोश टंग की एक बाउंसर पर 89 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने गिल के साथ 203 रन जोड़कर भारत को 500 के पार पहुंचाने में मदद की। जडेजा ने कहा कि जब आप टीम के लिए बल्ले से योगदान देते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब आप भारत से बाहर खेल रहे होते हैं और टीम को आपकी ज्यादा जरूरत होती है, तो अच्छा लगता है। 210 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद टीम को आगे ले जाने के लिए बड़ी साझेदारी करना एक चुनौती है।

मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अगर आप कप्तान के साथ बने रहते हैं और बड़ी साझेदारी करते हैं, तो यह आपको एक क्रिकेटर और बल्लेबाज के रूप में आत्मविश्वास देता है कि आने वाले मैचों में भी आप योगदान दे सकते हैं। जडेजा इंग्लैंड को परेशान करने में कभी पीछे नहीं रहते। फ्रंटफुट शॉट खेलने और सीधे पिच पर दौड़ने की उनकी आदत से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नाराज हो गए, जो जडेजा के खतरे वाले क्षेत्र से दूर रहने के बाद भी अंपायरों से बहस करते रहे। जडेजा ने कहा कि उन्हें लगा कि मैं अपने लिए रफ बना रहा हूं। तेज़ गेंदबाज वैसे भी ऐसा कर रहे थे। मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वह बार-बार अंपायर से कह रहे थे कि मैं विकेट पर दौड़ रहा हूं। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हो सकता है कि गलती से एक या दो बार ऐसा हुआ हो, लेकिन मेरा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था। भले ही भारत ने नई गेंद से तीन विकेट लिए हों, लेकिन यह पिच कुछ खुरदरी लग रही है।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

**मुर्मु ने किया डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। यहां इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति है। भारत में यह राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन रहा है। ओलंपिक या किसी भी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और एक समान लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं।

**गुकेश ने कार्लसन को फिर हराया**

**जागरेब, वार्ता।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी-गुकेश ने गुरूवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए।

**भारतीय महिला टीम की निगाहें ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत पर**

● **भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब है, जबकि अभी तीन मैच और खेलने हैं। भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है।

अब उनके पास शुक्रवार को ओवल में मेजबान टीम का सामना करते हुए समय रहते सीरीज अपने नाम करने का मौका है। भारत ने अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है। स्मृति मंधाना के पहले टी-20 शतक की बदौलत टीम ने पहले मैच में 97 रनों से जीत दर्ज की और इसके बाद दूसरे मैच में ब्रिस्टल के किले को भेदकर जीत दर्ज की।




इसमें जेमिमाह रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, इंग्लैंड की कप्तान नैट सीवर-ब्रंट शुक्रवार के टी-20 मैच से बाहर हो गई हैं और मंगलवार को ब्रिस्टल में टीम की 24 रन से हार के दौरान कमर में खिंचाव के कारण वह पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो सकती हैं। टैमी बोमॉन्ट अपने 247 मैचों के अंतर्राष्ट्रीय करियर में पहली बार कप्तान के रूप में कदम रखेंगी, जबकि सीवर-ब्रंट को चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए आगे स्कैन से गुजरना होगा।

मंगलवार के मुकाबले के अधिकांश समय के लिए उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा, उनकी अनुपस्थिति में उनकी आधिका. रिक उप-कप्तान सोफिया डंकली ने कमान संभाली। हालांकि, इंग्लैंड के तीन मैच शेष रहते 2-0 से सीरीज़ में पिछड़ने के बाद टीम को बोमॉन्ट के अनुभव की अधिक जरूरत पड़ेगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस दौरे पर पदार्पण किया और दो मैचों में छह विकेट लिए।

**अंडर-15 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक**

● **युवराज ने पहला गोल्ड मेडल 8:54:42 का समय निकालकर जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा।

ैंपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फी स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54-42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़िकयों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56-59 का समय निकाल. कर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकाल. कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55-47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 12 वर्ग में 400 मीटर फी स्टाइल में विराट ने पहला , नियमित ने दूसरा और तेजस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में मारिया ने पहला, स्नेहा ने दूसरा और रमैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 17 वर्ग में 200 मी ब्रैस्ट स्ट्रोक में ध्रुव ने पहला, वीर चावला ने दूसरा और तनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**गेंदबाजों की फिटनेस से संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत: वॉन**

**बर्मिंघम, वार्ता।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि गेंदबाजों की फिटनेस संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत हैं।

वॉन ने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी मेहनत की, हालांकि भारत ने 587 रन बनाए और मेजबान टीम ने 77 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये। ब्राइडन कार्स को पैर की समस्या से जूझना पड़ा, जबकि बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ब्रायडन कार्स के साथ समस्या है और हम इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं और उसमें ज्यादा समय नहीं बीता है। इसके बाद हमें ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलने होंगे, जहां बहुत गर्मी होगी। इस साल की शुरुआत में कार्स को पैर की उंगलियों पर गंभीर कट और छाले के कारण टीम से तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था।



● **ब्राइडन को पैर की समस्या से जूझना पड़ा जबकि क्रिस-बेन ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नही की**

यह समस्या क्रिसमस से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरे पर पहली बार सामने आई थी। हालांकि वह बर्मिंघम में मैदान पर रहे, लेकिन उन्हें क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के दौरान कई बार लंगड़ाते हुए देखा गया। इस बीच, स्टोक्स हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद इस साल गेंदबाजी में वापस आ गए हैं।

पहले दिन उनमें कमर में खिंचाव की समस्या को देखा गया और खेल से पहले लंबे अभ्यास के बाद दूसरे दिन गेंदबा. जी की शुरुआत की। इसी तरह वोक्स ने दिन की शुरुआत में चार ओवर में 22 रन देने के बाद नहीं खेले। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 45 ओवर फेंके और तीन विकेट लेकर 167 रन दिए। जॉश टंग ने संघर्ष करते हुए 119 रन देकर दो विकेट लिए। 28 ओवरों में और यहां तक कि हैरी ब्रूक ने उनकी अनुपस्थिति में अपने पार्ट-टाइम सीम के पांच ओवर फेंके।

**चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में बाहर**

● **चीन की खिलाड़ी को तुर्किए की जेनेप से 7-5, 7-5 से मिली हार**

**लंदन, वार्ता।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया।

वांग ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि '4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में**




**कनाडा, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने वांग पो-वेई के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

मार्कहम पैन एम सेंटर में खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में किदांबी ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। 41 मिनट तक चले मुकाबले में एक समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 18-13 से पीछे चल रहे थे, फिर उन्होंने वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत दूसरे गेम में भी 13-10 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने वापसी की और गेम और मुकाबला जीत लिया। श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन चोउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। श्रीकांत के हमवतन और विश्व में 57वें नंबर के खिलाड़ी शंकर सुब्रमण्यम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। उन्होंने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 21-19, 21-14 से हराया। शंकर सुब्रमण्यम अगले दौर में ओलंपियन और विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा। इस बीच बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में महिला एकल में भारतीय खिलाड़ी श्रीयांशी वलीशेट्टी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

● **दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ घरपर** ●

**मुकाबला करने को बहुत उत्साहित हूं: नीरज**

**सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड क्लास कंपीटीशन देने और जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही**




**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत का पहला इंटरनेशनल जैवलिन कंपटीशन कि नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025', शनिवार यानी 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने जा रहा है। यह इवेंट वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा गोल्ड-लेवल मीट के तौर पर अप्रूव किया गया है और इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का भी सपोर्ट मिला है। यह भारत को ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर एक खास जगह दिलाएगा।

इवेंट से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारत के युवा जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव, जर्मनी के थॉमस रोहलर, और केन्या के जूलियस येगो मौजूद थे। सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड-क्लास कंपटीशन देने और भारत में जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही। नीरज चोपड़ा ने इस इवेंट की अहमियत बताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि ऐसा इवेंट भारत में हो रहा है और इतने अच्छे एथलीट्स यहां कंपीट करने आए हैं। मैं इस इवेंट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक साथ ऑर्गेनाइज करना और खेलना मुश्किल है। मैंने हमेशा खेलने पर ध्यान दिया है, लेकिन अब मुझे सब कुछ देखना होगा। एक आयोजक के तौर पर मुझे इन छोटी-छोटी चीजों के बारे में सोचना होगा। मुझे यह पसंद है। कर्नाटक सरकार और हमें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जेएसडब्ल्यू टीम को उनके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद - वे हमारे साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। जर्मन जैवलिन स्टार थॉमस रोहलर ने कहा कि हम यहां आकर बहुत शुक्रगुजार हैं। हम जैसे इंटरनेशनल एथलीट्स के लिए, मुझे लगता है कि एक ऐसे देश में आना खुशी की बात है जो जैवलिन में सच में आगे बढ़ रहा है। तो, यह हम सभी के लिए एक खास पल भी है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में खेलने का फैसला करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। हमने सीजन की शुरुआत में ही इस मीट के बारे में बात की थी। मैंने सोचा कि हां, मैं इसे करूंगा।' क्योंकि मेरे लिए यह काफी खास साल है, कई सालों की परेशानियों और चोटों के बाद बड़े स्टेज पर वापसी कर रहा हूं। इसलिए मैंने सोचा कि हां, मैं इस मौके को भुनाऊंगा'। इस अनुभव से सीखने और आगे बढ़ने के मौके पर सचिन यादव ने कहा कि सबसे पहले, मैं नीरज भैया को इस कंपटीशन में इनवाइट करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

# सम्पादकीय

शनिवार, 5 जुलाई 2025

## बेमतलब की रार

देश के कई राज्यों में हिन्दी भाषा को लेकर टकराव की बातें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण के राज्य विशेषकर तमिलनाडु हिन्दी विरोध के लिए जाने जाते हैं। ताजा मामले में भी महाराष्ट्र के ठाणे से ऐसी खबर आई है, जो बेहद चिंता पैदा करती है। वहां पर एक दुकानदार से मन से कार्यकर्ताओं ने केवल इसलिए मारपीट कर दी, क्योंकि वह हिन्दी नहीं जानता था। मनसे के कार्यकर्ताओं ने एक गुजराती दुकानदार से मराठी में बात करने को कहा था और ऐसा न करने पर उसे थप्पड़ मारे थे। यह घटना 30 जून की बताई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि गुरुवार को 7 मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन कुछ ही देर बात उन्हें जमानत भी दे दी गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कार्रवाई की जाएगी। उनका यह भी कहना था कि मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए पर मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरोपियों पर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इन धाराओं में सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जिस वजह से उन्हें छोड़ दिया गया। सीधी सी बात है कि यह दोहरा आचरण ही कहा जाएगा कि मारपीट का मामला भी इस तरह का नहीं बनता जिस पर गिरफ्तारियां हो सकें। फिर मुख्यमंत्री फडणवीस किस आधार पर सख्ती की बात कर रहे हैं और कैसे कह रहे हैं कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि कई राज्यों में इस तरह की बातें सामने आती हैं। तमिलनाडु से भी समय-समय पर इस तरह के समाचार मिलते रहते हैं। देखने वाली बात यह है कि यह विरोध कई बार इतना उग्र हो जाता है कि हिंसा का रूप लेने लगता है। अपने ही देश में हिन्दी भाषा के साथ इस तरह की बातें बेहद चिंता पैदा करने वाली हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत विभिन्न वाला देश है। जहां के राज्यों की वेशभूषा, खानपान, भाषाएं अलग हैं। हर कोई राज्य अपनी भाषा का तरजीह देना पसंद करता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है, क्योंकि सारी भाषाएं हमारी अपनी हैं। किसी भी भाषा से दुराग्रह नहीं रखा जा सकता, लेकनि समस्या तब आती है जब भाषा के नाम पर शत्रुता जैसा व्यवहार किया जाता है। भाषा किसी की शत्रु नहीं हो सकती और भाषा का मतलब भी यही होता है कि एक-दूसरे को एक-दूसरे के साथ जुड़ाव पैदा किया जाए। आखिर जब हमारा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं है, यह तो अपने देश की भाषा भी नहीं है, तो फिर अपनी ही भाषा से इतना सौतेला रवैया क्यों अपनाया जाता है। मनसे के नेता राज ठाकरे इस बात के लिए जाने ही जाते हैं कि वह हिन्दी के साथ दुश्मनी की हद तक पहुंच जाते हैं। इस तरह की बातों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यह काम बलपूर्वक भी नहीं होना चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि प्रत्येक देश की एक भाषा होती है और यह भाषा ही देश को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां तक बात राज्यों की भाषा की है, उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

## चिंता सार्वजनिक रूप से सामने आई



सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी, यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे, चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था, यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस सांसद**

## कर्बला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा





**नासिर हैदर ज़ैदी**

कर्बला की दुखद घटना से अवगत कराने से पहले मैं कर्बला के उसे अजीम किरदार का परिचय करना चाहूंगा जिसका नाम है हजरत इमाम हुसैन (अ.) वालिद का नाम हजरत अली अली (अ.) वाल्दा का नाम हजरत फातिमा ज़हरा, नाना हजरत मुहम्मद मुसतुफा (स.अ.व.) और दादा हजरत अबूतालिब हैं। कर्बला खुली हुई आयत की तरह मोहर्रम की 10 तारीख सन 61 हिजरी को ईराक सरजमीन कर्बला नहर फुरात के किनारे खुले मैदान में दोपहर को होने वाला एक ऐसा वाक्या है जिसका ना ग्राउंड उलझा हुआ है ना बैकग्राउंड तारीख की निगाहों ने उन खंजरों को भी देखा है जो चल रहे थे और उन गलों को भी देखा है जो कट रहे थे वक्त पूरी तरह से उन तीरों को भी पहचान रहा था जो सजदा करने वाली परेशानियों में चुभ रहे थे और उस खून के कतरों को भी देख रहा था, जो गर्म रहती पर टपक रहे थे तारीख उन सूखे होंटों को भी पहचानती है जो अल्लाह की बड़ाई का ऐलान कर रहे थे और उन सूखी हुई जुबानो को भी जानती है जो अल्लाह के जिक्र से तर हो रहीं थीं वक्त उन मांओं को भी देख रहा था जो अपने नोनिहालों को अपनी गोद में उठाकर मौत के हवाले कर रहीं थीं और उन लाशों से भी बा खबर था जो घोड़ों की टापों से रोंदी की जा रहीं थीं कातिल भी सामने खड़े थे और कत्ल होने वाले भी।

हम तो बस इतना जानते हैं कि नबी का नवासा भूख प्यास अपने खानदान और अपने कुछ साथियों के साथ इंतेहाई बेदर्दी से शहीद कर दिया गया, उसके घर के समान को लूट लिया। लाशों को बे गोरोकफन तपती हुई जमीन पर छोड़कर उनके अहलेबैत को कैदी बना लिया गया। यूं तो दुनिया में हजारों इंकलाब आए लाखों जंगें हुईं और जमीन ने करोड़ों बेगोरो कफन लाशें देखीं और यतीम बेवाओं को व लावारिसों की आवाजें सुनी जो दुनिया में इंसानियत और इंसाफ की फरियाद करते पाए गए, लेकिन इराक की सर जमीन पर कर्बला में जो दर्दनाक घटना हुई यह जंग किसी तखतो ताज के लिए नहीं बल्कि दो इरादों की जंग थी एक तरफ यजीद पुत्र माविया पुत्र अबु सूफियान का इरादा था, जो अपने बुजुर्गों की शरीयत को स्थापित कर इस्लाम की असल शरीयत को मिटा देना चाहता था और हजरत इमाम हुसैन से तलवार के जुल्मों सितम के बल पर अपनी शरीयत को स्वीकार, मनवाना करना चाहता था यानि बैयत लेना चाहता था, लेकिन दूसरा इरादा इमाम हुसैन का था जो अपने नाना हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) यानी इस्लाम की शरीयत को खत्म होते नहीं देखना चाहते थे हजरत इमाम हुसैन पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स. अ.व.) के सगे नाती थे और यजीद इस्लाम धर्म को तबाह वह बर्बाद कर रहा था परंतु इमाम हुसैन अपने व अपने परिवार व अपने साथियों पर भयंकर अत्याचार तो सहन कर सकते थे, लेकिन वास्तविक इस्लाम धर्म को तबाह व बर्बाद होते नहीं देख सकते थे यजीद का उद्देश्य हजरत इमाम हुसैन से अपनी शरीयत जिसमें समाज की हर बुराई जुल्म सितम शामिल था स्वीकार करने का था कि इस्लाम धर्म के पैगंबर के घराने की मोहर उसकी अपनी शरीयत पर लग जाए और उसकी शरीयत ही इस्लाम धर्म की शरीयत मानी जाए, जबकि हजरत इमाम हुसैन जंग करने नहीं गए थे अगर जंग के लिए जाते तो अपने परिवार के छोटे छोटे बच्चों और औरतों को साथ ना ले जाते इमाम तो कूफे के रहने वालों के इस्लाम की इसलाह के सैकड़ों खतों के जरिए बुलाने पर जा रहे थे रास्ते में कूफे गवर्नर इब्ने जियाद यजीद के आदेश पर कि या तो इमाम हुसैन से बैयत लो वरना उनका सिर कलम करके उसके सामने पेश करें और इबने जियाद के इमाम को यजीद के आदेश बैयत के लिए इमाम को कहा, लेकिन इमाम ने बैयत करने से साफ इंकार करते हुए कहा कि मुझ जैसा यजीद जैसे की बैयत नहीं कर सकता है यह आदेश इब्ने जियाद ने मदीने में ही इमाम हुसैन के चलने से पहले सुनाया था। इस प्रकार कर्बला संग्राम अच्छाई व बुराई सच और झूठ के बीच था। उल्लेखनीय है मनुष्य के चरित्र निर्माण में वीरता, साहस, सच्चाई, ईमानदारी, सत्य, प्रियता, धर्म पालन, कर्तव्य, बलिदान, निष्ठा, उपासना, इबादत, माता-पिता तथा बड़ों का आदर व सम्मान भाई बहन का प्यार माता-पिता की आज्ञा का अनुपालन, सेवा भाव स्नेह , वफादारी अत्याचार व अन्याय से हटकर धैर्य व सहनशीलता ये ऐसी विशेषताएं हैं जो कि मनुष्य के चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं और उनके योग से ही मनुष्य का चरित्र बनता वह संवरता है। उनके उदाहरण विश्व के समस्त धर्मों में मिलते हैं और हर धर्म में ऐसे लोग मिल जाते हैं, जिनमें यह विशेषताएं पाई जाएं परंतु यह एक वास्तविकता है जो संसार की सृष्टि से अब तक के इतिहास में हमें ऐसी कोई घटना नहीं मिलती, जिसमें इन समस्त विशेषताओं के प्रत्यक्ष उदाहरण एक ही दिन में एक साथ मिल जाते हैं यदि कोई घटना है तो वो कर्बला संग्राम की एकमात्र घटना है यदि यह घटना ना होती तो इस्लाम भी ऐसा कोई उदाहरण पेश नहीं कर पाता। कर्बला इमाम हुसैन का इस्लाम धर्म पर उपकार है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

हजरत इमाम हुसैन का यह महान बलिदान कर्बला की दिल हिला देने वाली घटनाओं से जुड़ा हुआ है जो विश्व के इतिहास में और ना इससे पूर्व घटीं और ना ही भविष्य में घटने की संभावना है, कर्बला की इस दर्दनाक घटना में हजरत इमाम हुसैन के भाई, भतीजे, दोस्तों और परिवार की औरतों ने व चाहने वाले साथियों ने जिस तरह बढ़ चढ़कर अपनी कुर्बानियां पेश की हैं उससे कर्बला में समस्त उच्च कोटि की विशेषताएं सिमट कर आ गई हैं जो की गागर में सागर भरने वाली कहावत चरितार्थ सत्य होती है।

**वीरता**- यदि वीरता को देखना हो तो कर्बला का प्रत्येक शहीद अपनी मिसाल स्वयं है। हर जांबाज सच्चाई पर अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए एक दूसरे से आगे निकलना चाहता है मैदान-ए- कर्बला की और बढ़ते समय रास्ते में हजरत इमाम हुसैन अपने जवान बेटे हजरत अली अकबर से कहते हैं कि बेटा हम आगे-आगे जा रहे हैं और मौत हमारे पीछे-पीछे आ रही है तो अली अकबर कहते हैं अब्बा जान क्या हम हक पर नहीं हैं तो इमाम कहते हैं कि बेटा हम हक पर ना होंगे तो कौन होगा। यह सुनकर अली अकबर कहते हैं कि फिर हमें मौत की क्या चिंता, मौत हम पर आ पड़े या हम मौत पर जा पड़ें।

**वफादारी**- शब-ए-आशूर यानी 10 मोहरम युद्ध के दिन की पूर्व रात्रि इमाम हुसैन शहीदों के नाम की सूची सुनकर इमाम के भतीजे जनाबे कासिम पुत्र हजरत इमाम हसन पूछते हैं कि चाचा जान क्या इस सूची में उनका नाम नहीं है तो इमाम प्रश्न करते हैं कि बेटा कल के दिन मृत्यु तुम्हारी दृष्टि में कैसी है जनाबे कासिम उत्तर देते हैं कि कल आप पर प्राण नयोछावर करना मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठा है। साहस का प्रदर्शन भी कर्बला के अंदाज का नहीं मिलता 6 महीने की आयु वाले हजरत अली असगर से लेकर 80 साल के योद्धा और हबीब इब्ने मजाहिर सब हिम्मत व साहसी हैं।

यजीद की ओर से लाखों की सेना और इमाम की ओर से कुल 72 हैं परंतु कोई मौत से डरने वाला नहीं है एक-एक करके हर योद्धा रण क्षेत्र में जाता है और लाखों से अकेले धर्म युद्ध करके वीरगति को प्राप्त होता है और उत्साह का यह हाल है कि हर मुजाहिद प्रात: काल से ही जान देने पर कमर बंधे हैं और बार-बार इमाम से रण क्षेत्र में जाने की आज्ञा मांगता है खुशामद करता है और इमाम समझ कर रोक रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी।**

**चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है।**



**ललित गर्ग**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है।

इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, स्वर्ण कलश प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे स्वर्ण कलश प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है।

इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था।

रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक दलाई लामा घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद अध्यक्षता: कूटनीति का चेहरा




**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है।**



**वीरेश तरार**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की जुलाई महीने के लिए अध्यक्षता ने देश के कुछ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कई जगहों पर इसे भारत की रणनीतिक पराजय की संज्ञा दी जा रही है और यह प्रचा. रित किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर एक बड़ी कूटनीतिक जीत सौंप दी है, लेकिन जब इस घटनाक्रम को तथ्यों और प्रक्रिया की कसौटी पर कसा जाता है, तो स्थिति पूरी तरह उलट दिखती है। वास्तव में पाकिस्तान की यह अध्यक्षता न किसी चुनाव का परिणाम है, न किसी अंतर्राष्ट्रीय बहस या मतद्वंद्व की उपज। यह केवल एक रोटेशन प्रणाली का भाग है, जो सुरक्षा परिषद के संचालन का नियमित नियम है, न कि कोई असाधारण या आश्चर्यजनक घटना।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है और यह क्रम पूरी तरह से अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार चलता है। जुलाई में पाकिस्तान की बारी आई, तो वह राष्ट्रपति बन गया। न तो कोई वोटिंग हुई, न ही किसी देश ने इसके खिलाफ खड़ा होकर मुकाबला किया। यह चुनाव नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्रम है, जिसकी रूपरेखा पहले से तैयार रहती है। अब सवाल उठाताची है कि पाकिस्तान को अस्थाई सदस्यता कैसे मिली? इसके लिए हमें पीछे लौटकर वर्ष 2024 की ओर देखना होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में एशिया-प्रशांत क्षेत्र से एक सीट के लिए नामांकन हुआ। पाकिस्तान एकमात्र प्रत्याशी था और उसके खिलाफ किसी भी देश ने नामांकन नहीं किया। भारत, जो कि हाल ही में वर्ष 2021-22 में इस परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका था, परंपरा के अनुसार उस समय नामांकन का पात्र ही नहीं था। यूएन की रीति है कि कोई भी देश दो कार्यकाल लगातार सदस्य नहीं बन सकता। इसलिए भारत की अनुपस्थिति न तो चौंकाने वाली है, न ही रणनीतिक चूक। भारत ने न केवल नियम का पालन किया, बल्कि स्वयं को भविष्य की सदस्यता 2028-29 के लिए योग्य और भरोसेमंद बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त किया।

पाकिस्तान को महासभा में 182 वोट मिले, जो इस बात को रेखांकित करते हैं कि उसका नामांकन बिना मुकाबले के हुआ था। चीन, तुर्की, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश पाकिस्तान के समर्थन में थे और बाकी देशों ने औपचारिकता पूरी करते हुए अपना मत दिया। यहां यह भी गौरतलब है कि पाकिस्तान की यह सफलता प्रतीकात्मक मात्र है, इसका कोई नीतिगत अथवा निर्णयात्मक प्रभाव नहीं है। परिषद का अध्यक्ष केवल बैठकों की अध्यक्षता करता है, एजेंडा को प्रस्तुत करता है और तकनीकी समन्वय करता है। उसे कोई प्रस्ताव लाने, पास कराने या सुरक्षा परिषद की दिशा बदलने का अधिकार नहीं होता। कई लोग यह आशंका जता रहे हैं कि पाकिस्तान इस दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है और भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर माहौल बना सकता है, लेकिन यह आशंका न केवल अतिश्योक्ति है, बल्कि कूटनीतिक अज्ञानता भी दर्शाती है। सुरक्षा परिषद में कोई भी देश यहां तक कि अध्यक्ष भी तब तक कोई मुद्दा नहीं उठा सकता, जब तक किसी स्थाई सदस्य द्वारा प्रस्ताव न रखा जाए और अन्य सदस्य उसका समर्थन न करें। पाकिस्तान, जो स्वयं स्थाई सदस्य नहीं है, इस स्थिति में केवल संयोजक की भूमिका निभा सकता है, न कि निर्णायक की। यदि वह अध्यक्षता का दुरुपयोग करता है, तो न केवल उसकी प्रतिष्ठा पर आंच आएगी, बल्कि परिषद की मर्यादा भी भंग होगी, जिसका विरोध भारत सहित अन्य राष्ट्र निश्चित ही करेंगे।

भारत ने इस मुद्दे पर जो चुप्पी साधी है, वह कोई कमजोरी नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रमाण है। भारत जानता है कि यदि वह पाकिस्तान की उम्मीदवारी का विरोध करता, तो उसे व्यापक स्तर पर समर्थन जुटाना पड़ता। साथ ही, वह कुछ ऐसे देशों की नाराजगी मोल लेता, जिनका समर्थन भविष्य में उसकी आवश्यकता बन सकता है। भारत फिलहाल अपनी कूटनीतिक ऊर्जा उन मंचों पर केंद्रित कर रहा है जहां दीर्घकालीन लाभ की संभावना है जैसे ब्रिक्स, क्वाड, जी-20 और सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता। ऐसे में एक महीने की अध्यक्षता के लिए अपने संसाधनों और संबंधों को दांव पर लगाना बुद्धिमत्ता नहीं होती। भारत की यह नीति एक प्रकार से नैतिक धरातल को भी सुरक्षित रखती है। विरोध न करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की प्रक्रिया और नियमों का सम्मान करता है। यह व्यवहार उस समय की स्थिति के लिए लाभकारी होगा जब भारत स्वयं सदस्यता की दौड़ में होगा। भारत की नजर लंबे रास्ते पर है, और वह अपने कूटनीतिक सफर को राजनीतिक आक्रोश के बजाय विवेक और संतुलन से संचालित करता है। इस पूरी प्रक्रिया को यदि कोई जीत कहता है, तो वह केवल प्रतीकों की दुनिया में रह रहा है। पाकिस्तान को जो जिम्मेदारी मिली है, वह सीमित और औपचारिक है। इसके माध्यम से वह कोई अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा स्थापित नहीं कर सकता, और न ही भारत को घेरने की उसकी कोई कोशिश वास्तविकता में परिणत हो सकती है। भारत इस पूरे घटनाक्रम में शांत रहा, पर उसका मौन दूरदर्शिता की परतों में लिपटा हुआ था। इस लेख का उद्देश्य न किसी पक्ष की वाहवाही करना है, न किसी को दोषी ठहराना बल्कि केवल सच्चाई का वस्तुनिष्ठ और प्रमाणित रूप प्रस्तुत करना है। पत्रकारिता का धर्म है कि वह अपने पाठकों को भ्रम से मुक्त कर यथार्थ से जोड़ सके और यह लेख उसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया हैरान: रूस ने तालिबान सरकार को दी मान्यता

## तालिबान बोला: बहादुरी भरा है कदम



**मान्यता प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश, रूस बोला: मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा**

**तालिबान सरकार ने रूस के कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया, फैसला दूसरों के लिए मिसाल बनेगा**

**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा।

अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। तालिबान खुद को इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान कहता है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी। जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है। यह मान्यता 1933 की मोंटेवीडियो संधि जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित होती है। इसके लिए चार शर्तें होती हैं, स्थाई आबादी, सीमा, सरकार और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता। मान्यता मिलने से किसी देश को वैधता, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में जगह और दूसरे देशों से व्यापार व रिश्ते बनाने का मौका मिलता है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक कई देशों ने तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं। तालिबान की स्थापना 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह संगठन उन गुटों में शामिल था, जो 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान में सत्ता के लिए चल रहे गृहयुद्ध में शामिल थे। तालिबान के ज्यादातर सदस्य वही मुजाहिदीन थे, जिन्होंने अमेरिका की मदद से नौ साल तक सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस सहयोग की वजह से तालिबान को शुरुआत में अमेरिका का समर्थन भी मिला। हालांकि, 1990 के दशक के अंत तक तालिबान की छवि बदलने लगी। 1999 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को शरण और प्रशिक्षण दे रहा है। इसी के कुछ महीनों बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए तालिबान पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। 2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आधिकारिक रूप से एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। रूस ने आरोप लगाया कि तालिबान के चेचन्या में सक्रिय अवैध संगठनों से संबंध हैं।



रुद्रप्रयाग। प्राकृतिक आपदाओं के कारण केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद बचाव व राहत अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित जगह ले जाते बचावकर्मी।

## हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में पास हुआ 'बिग ब्यूटीफुल बिल'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और खर्च में कटौती करने वाले 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को पास कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में विधेयक के समर्थन में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। इस तरह के यह विधेयक चार मतों के अंतर से कांग्रेस के निचलने सदन में पास हो गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस विधेय के खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि इसी विधेयक को लेकर ट्रम्प और प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प शुक्रवार शाम पांच बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस (चार जुलाई) पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था।

## इजरायल की ईरान को दो टूक: अबकी बार परमाणु हरकत पर होगा बुरा हश्र



**हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता है: इजरायल**

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजरायल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं,तो हमें निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे और इजरायल तथा अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर उस पर बारीकी से नज़र रखेगा। हमारा रूख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं अंतिम परिणाम को देखता हूं। ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।

## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

## भारत-अमेरिका में मिनी ट्रेड डील के आसार

### भारत कृषि सेक्टर में नो एंट्री पर कायम, ट्रम्प की तरफ से ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू

- **माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बनी**
- **वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इंकार कर दिया है**
- **चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से सभी देशों के लिए ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले भारत और अमेरिका के बीच 'मिनी ट्रेड डील' होने के आसार हैं।

माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बन गई है। अगले दो-तीन दिन में डील हो सकती है। इसे मिनी ट्रेड डील इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि भारत और अमेरिका सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले 43 लाख करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर फोकस कर रहे हैं। वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इनकार कर दिया है। जबकि अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड फसली उत्पादों को भारत में बाजार मुहैया कराने की मांग करता रहा है। भारत के रवैए को देखते हुए अमेरिका ने फिलहाल कृषि सेक्टर में एंट्री के लिए दबाव नहीं डालने का निर्णय किया है। जबकि भारत लेबर इन्टेंसिव सेक्टर गारमेंट, जेम्स-जूलरी और लेदर प्रोडक्ट पर कम अमेरिकी टैरिफ पर कायम है। भारत की ओर से कहा गया है कि बीटीए के बाद के तीन सालों में द्विपक्षीय व्यापार के असल आंकड़े सामने आने लगेंगे। भारत-अमेरिका ट्रेड डील जल्द होगी। लेकिन 9 जुलाई से पहले डील के सभी प्रावधान सामने आना मुश्किल हैं। क्योंकि डील के कई प्रावधानों पर सहमति होना जरूरी है।

चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए। भारत से पहले स्टेज में सिर्फ डील घोषित होगी। भारत खेती का सेक्टर नहीं खोलेगा क्योंकि हमारी 60 प्रतिशत आबादी इस पर निर्भर है। अमेरिका की 1 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। भारत, अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस की बड़ी खरीद कर इसकी भरपाई करेगा। खरीद शुरू भी हो चुकी। साथ ही भारत कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स के लिए बजट में ही डयूटी कम करने का ऐलान कर चुका है। इसमें अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की शामिल हैं।

## SCO देशों में मित्रता को बढ़ावा देने के लिए पहल

**शंघाई।** 2025 जन मैत्री के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फोरम' और 'फ्रेंडशिप सिटीज फोरम' दोनों की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। चीन के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लियाओनिंग प्रांत की राजधानी शेनयांग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन की पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष और एससीओ के अच्छे पड़ोसी, मैत्री एवं सहयोग आयोग की अध्यक्ष शेन यूयुए ने इस दौरान मुख्य भाषण दिया। शेन ने कहा कि चीन बारी बारी से मिलने वाले इस मंच के वर्तमान अध्यक्ष के तौर पर एससीओ के लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोबारा से इन मंचों की मेजबानी कर रहा है।

## हवा से भी दिल के दौरे का खतरा



**यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों व हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया**

**न्यूयॉर्क।** प्रदूषण के सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा (लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। पहले इस हवा को तक 'सुरक्षित श्रेणी' में रखा गया था। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट में आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार कि प्रदूषित हवा-भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है।

यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है। शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और उनमें कड़ापन आकर वे सिकुड़ने लगती है। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन (एमडी, एमपीएच) ने कहा कि हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डा. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2-5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

## कैलिफोर्निया में जंगल की आग 50000 एकड़ क्षेत्र में फैली

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग ने एक ही रात में 50 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल को चपेट में ले लिया, जिसके कारण जंगल के आसपास बसे लोगों को इलाके छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्ग को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी में बुधवार अपराह्न में लगी आग गुरुवार शाम तक 52593 एकड़ (212.8 वर्ग किमी) तक फैल गई थी, जिस पर केवल पांच प्रतिशत क्षेत्रफल पर नियंत्रण किया जा सका था।

## रूस का यूक्रेन पर 500 मिसाइल और ड्रोन से हमला

**23 घायल, जेलेंस्की का दावा, 270 मिसाइलें मार गिराईं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किए**

**मास्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिरा गया।

इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। यूक्रेन की वायु सेना के मुताबिक, रूस ने पहले रात 12:30 बजे कीव की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी और फिर रात 2:30 बजे के आसपास और मिसाइलें छोड़ीं।

## अफगान में महिलाओं की स्थिति दयनीय

**78% युवा अफगान महिलाएं शिक्षा रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती है**

**जिनेवा।** अफगानिस्तान में दस में से आठ युवा महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है और वे इस लिहाज से पुरुषों से बहुत पीछे हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने अफगानिस्तान के लिये लैंगिक सूचकांक 2024 में यह खुलासा किया है।

संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 78 प्रतिशत युवा अफगान महिलाएं शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती हैं। यह रिपोर्ट यूरोपीय संघ की ओर से दी गई वित्तीय सहायता से तैयार की गई है। अफगानिस्तान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा लैंगिक अंतर है जहां स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश और निर्णय लेने में महिलाओं और पुरुषों के बीच 76 प्रतिशत असमानता है। संगठन ने कहा सूचकांक यह भी दर्शाता है कि महिलाएं औसतन विकल्प चुनने और अवसरों तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पाती हैं जबकि औसतन दुनिया भर में महिलाएं इन क्षेत्रों में अपनी क्षमता का 60.7 प्रतिशत इस्तेमाल कर पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने कहा कि अफगानिस्तान का सबसे बड़ा संसाधन उसकी महिलाएं और लड़कियां हैं लेकिन उनकी क्षमताओं का अभी भी दोहन नहीं हुआ है। इसके बावजूद भी वे दृढ़ हैं। अफगान महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन कर रही हैं, व्यवसाय चला रही हैं, मानवीय सहायता पहुंचा रही हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। बहौस के मुताबिक अफगान महिलाओं का साहस और नेतृत्व कड़े प्रतिबंधों के बावजूद उनके समुदायों को नया रूप दे रहा है। हमें उनके साथ एक ऐसे देश की तलाश में खड़ा होना चाहिए जो उनके अधिकारों और सभी अफगानों की आकांक्षाओं को दर्शाता हो।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)